दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली। रविवार 02 मार्च-2025 | वर्ष : 10 अंक : 72 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...






● नई दिल्ली। रविवार 02 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 72 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3





# महानगर दिल्ली में 8 मार्च को महिला सम्मान योजना लागू कर सकती है भाजपा सरकार!

**नई दिल्ली :** दिल्ली में बीजेपी सरकार 8 मार्च को महिला सम्मान योजना लागू कर सकती है। इसके तहत महिलाओं को हर महीने उनके खाते में 2500 रुपये दिए जाने हैं। दिल्ली सरकार ने चुनाव से पहले अपने संकल्प पत्र में इसका जिक्र किया था। पीएम मोदी ने भी चुनाव सभाओं में कहा था कि 8 मार्च को महिला सम्मान योजना की पहली किस्त दिल्ली की महिलाओं के खाते में आ जाएगी। अब पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्टी इसे 8 मार्च को लागू कर सकती है।

खबर है कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सरकार योजनाओं की घोषणा करने और संबंधित डिटेल की जानकारी के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है। इसके अलावा पार्टी सूत्रों का कहना है कि दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 5000




महिलाओं की मौजूदगी में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा सकता है। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**उपराज्यपाल के अभिभाषण में भी जिक्र :** इससे पहले 25 फरवरी को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भी अपने अभिभाषण में महिला सम्मान योजना का जिक्र किया था। सक्सेना ने कहा था कि दिल्ली की प्रत्येक गरीब महिला को 2,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। इसके साथ ही प्रत्येक गर्भवती महिला को 21,000 रुपये की वित्तीय सहायता और छह पोषण किट दिए जाएंगे।

उन्होंने बीजेपी के कई अन्य चुनावी वादों को भी दोहराया था। इसमें 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज शामिल है। उपराज्यपाल ने कहा था कि भारी जनादेश के माध्यम से दिल्ली की जनता ने मेरी सरकार और उसके घोषणापत्र में शामिल नीतियों में अपना विश्वास व्यक्त किया है।

**दिल्ली सरकार ने दिया था निर्देश :** इससे पहले सरकार में कार्यरत नौकरशाहों को महिलाओं के कल्याण पर केन्द्रित उन योजनाओं का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया गया था। एक अधिकारी ने बताया था कि महिला सम्मान योजना का नाम बदलकर महिला समृद्धि योजना कर दिया जाएगा। इसके तहत लाभार्थियों को अब 2,500 रुपये प्रति माह मिलेंगे।

# हम एक साथ दो बड़े लक्ष्यों पर काम कर रहे हैं - कृषि क्षेत्र का विकास और हमारे गांवों की समृद्धि: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित किया। बजट पश्चात वेबिनार में भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया तथा इस बात पर प्रकाश डाला कि इस वर्ष का बजट सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है, जो नीतियों में निरंतरता तथा विकसित भारत के दृष्टिकोण का नया विस्तार दर्शाता है। उन्होंने बजट से पहले सभी हितधारकों से प्राप्त बहुमूल्य जानकारियों और सुझावों को स्वीकार किया, जो बहुत उपयोगी रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बजट को और अधिक प्रभावी बनाने में हितधारकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है।



श्री मोदी ने कहा, विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हमारे संकल्प बहुत स्पष्ट हैं और हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बना रहे हैं, जहां किसान समृद्ध और सशक्त हों।₹ उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी किसान पीछे न छूटे और हर किसान को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि को विकास का पहला इंजन माना जाता है, जिससे किसानों को प्रतिष्ठित स्थान मिलता है। उन्होंने कहा, भारत एक साथ दो प्रमुख लक्ष्यों की ओर काम कर रहा है: कृषि क्षेत्र का विकास और गांवों की समृद्धि।

श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि छह साल पहले लागू की गई पीएम किसान सम्मान निधि योजना के त ा ह त ा किसानों क ा


संबंधित खबर, पृष्ठ 2


# केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ने दिखाई हरी झंडी और सांसद विधायकों सहित 70 यात्रियों को लेकर गोवा पहुंचा विमान

## घूमर में किया सभी ने लंच और शाम को समुद्र किनारे हुआ विश्राम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को हिंडन एयरपोर्ट से गोवा के लिए पहली उड़ान शुरू हुई। सांसद अतुल गर्ग ने अपना वादा पूरा किया और खास बात ये रही कि जब केन्द्रीय उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने विमान को हरी झंडी दिखाई तो उसके बाद विमान लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, समरकूल चेयरमेन संजीव गुप्ता, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, मुरादनगर नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल सहित 73 यात्रियों को लेकर गोवा के लिए रवाना हुआ। गोवा टूर की पूरी टीम सुबह 7.30 बजे हिंडन एयरपोर्ट पर पहुंची। गाजियाबाद टू गोवा उड़ान की शुरूआत लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अपने ही अंदाज में की। पहली फ्लाईट के मुसाफिर वो खुद और उनकी लोकसभा क्षेत्र के विधायक बने। इसके अलावा संगठन पदाधिकारी और व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी भी इस टूर में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के साथ हैं। गोवा की उड़ान के बाद अब तीन और राज्यों के लिए भी यहां से उड़ान शुरू होगी। एयरलाईन प्रशासन ने घोषणा की है कि 22 मार्च से हिंडन एयरपोर्ट से चेन्नई और जम्मू के लिए भी उड़ान शुरू होगी।





### शाम को समुद्र किनारे किया सभी ने विश्राम

करंट क्राइम। गाजियाबाद के भगवा यात्रियों ने गोवा टूर का पूरा आनंद पहले दिन ही लिया। वो दोपहर में पहुंच गये थे और लंच के बाद फिर सभी शाम को एकत्र हुए। शाम को समुद्र किनारे सभी ने लहरों का आनंद लिया और विश्राम किया।



### जब तीन विधायकों ने समुद्र किनारे किया तीन किलोमीटर का पैदल सफर

करंट क्राइम। गाजियाबाद से उड़ान गोवा पहुंची और यहां सभी ने पहले अपनी थकान दूर की। इसके बाद समुद्र का नजारा लेने के लिए सब समुद्र किनारे पहुंचे। सांसद अतुल गर्ग की रहनुमाई में विधायकों ने तीन किलोमीटर का पैदल सफर भी किया। समुद्र किनारे तक जाने के लिए ये सभी पैदल पैदल चले और ये इत्तेफाक रहा कि सांसद सहित तीनों विधायकों ने समुद्र किनारे पहुंचने के लिए तीन किलोमीटर का पैदल सफर तय कर लिया।



### दोपहर 1.30 बजे पहुंचे गोवा और घूमर रेस्टोरेंट में किया सभी ने लंच



करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की ये खूबी है कि सफर हवाई जहाज का हो या फिर कोई भी कार्यक्रम हो और ऐसे में भोजन का इंतजाम ना हो, ये हो ही नहीं सकता। यात्रियों का दल जब गोवा एयरपोर्ट पर उतरा तो सभी ने दोपहर का लंच यहां के घूमर रेस्टोरेंट में किया। बेहद शानदार और उत्साह भरे माहौल में सभी यात्री खुश नजर आये।

# सोमवार से ग्रीष्मकालीन वर्दी धारण करेंगे पुलिसकर्मी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अपर पुलिस महानिदेशक के पुलिस महानिदेशक जनरल स्टाफ एन रविंदर द्वारा मुख्यालय से पुलिस विभाग में ग्रीष्मकालीन वर्दी सोमवार 03 मार्च से पहनने का निर्देश दे दिया गया है। वहीं शीतकालीन वर्दी रात वाले मौसम के अनुसार धारण की जा सकती है। इसके साथ ही 22 मार्च से दिन भर और रात्रि के समय ग्रीष्मकालीन वर्दीधारण की जाएगी, यह आदेश पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा सभी जनपदों के कप्तान और संबंधित कमिश्नर्स व अन्य अधिकारियों को दे दिए गए हैं। बता दें कि बीते कुछ दिनों पहले ही दैनिक करंट क्राइम ने पुलिस में वर्दी मौसम के अनुसार कब बदलेगी, खबर प्रकाशित की थी। जिसका संज्ञान और मौसम में परिवर्तन होने के बाद अधिकारियों ने यह निर्देश जारी किया है।

**पुलिस मुख्यालय से जारी हुआ आदेश**



बता दें की अब यूपी पुलिस 22 मार्च से दिन और रात्रि के समय ग्रीष्मकालीन वर्दी धारण करेंगी। जहां पर पुलिसकर्मी इस प्रकार की वर्दी मौसम अनुरूप नहीं बदलेंगे, उनपर कार्रवाई भी की जाएगी। ऐसा निर्देश पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा सभी जनपदों और पुलिस कमिश्नरेट में जारी करते हुए भेज दिया गया है।

# 7 मार्च को नगर निगम में होगी बोर्ड बैठक, पहले 17 फरवरी को स्थगित हो चुकी है मीटिंग

## पैठ बाजार, मैरिज होम, अवैध विज्ञापन, दूधेश्वरनाथ मंठ कॉरिडोर से लेकर पार्किंग शुल्क और विकास योजनाओं का उठेगा जोरदार ढंग से मुद्दा




**सूत्र बता रहे हैं कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के लीज के मुद्दे पर भी इस बोर्ड बैठक में पार्षद चर्चा उठा सकते हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद की बोर्ड बैठक लंबे समय बाद प्रस्तावित हुई है। इस बार नगर निगम गाजियाबाद की 7 मार्च को नगर निगम में बोर्ड बैठक बुलाई गई है। बता दें इससे पहले 17 फरवरी दिन सोमवार को नगर निगम के सभागार में होने वाली बोर्ड बैठक स्थापित कर दी गई थी। बताया गया था कि पार्षदों को एजेंडा लेट मिला था जबकि एजेंडा 72 घंटे पहले मिलना चाहिए था। अब बताया जा रहा है कि नगर निगम गाजियाबाद की बोर्ड बैठक में जहां पुन निरीक्षित बजट द्वितीय वर्ष 2024-25 पर चर्चा होगी। तो वहीं तमाम महत्वपूर्ण विषयों पर भी इस बोर्ड बैठक में विचार होगा। बैठक में जहां दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर से शिफ्ट होने वाली 45 दुकानों के मुद्दे को भी उठाया जाएगा। तो इसके साथ ही बैठक में यह तय होगा की लोकल वेंडर्स का प्लेस और रेट क्या बनाया जाए। साथ ही निगम क्षेत्र में पार्किंग शुल्क वसूलने की नई दरें भी नगर निगम कई श्रेणियां में जारी करेगा। उधर नगर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के लीज के मुद्दे पर भी इस बोर्ड बैठक में पार्षद चर्चा उठा सकते हैं। वहीं नगर निगम सहित अन्य वार्ड और जोन में दर्जनों विकास कार्यों की योजना को लेकर भी पार्षद अपनी आवाज नगर निगम के सदन में बुलंद करेंगे।



### इस बार भी नहीं होगी कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष चुनाव पर चर्चा

करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों और पार्षदों से मिली जानकारी के अनुसार 7 मार्च दिन शुक्रवार को होने वाली नगर निगम गाजियाबाद की बोर्ड बैठक में इस बार भी कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के विषय पर कुछ नहीं होगा। निगम वाले सूत्र बता रहे हैं कि जो 7 मार्च को बैठक है, वह नगर निगम की बोर्ड बैठक है जबकि इसके लिए कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जाएगी। इसके बाद ही नगर निगम कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष का चुनाव हो पाएगा।

### पैठ बाजार, मैरिज होम और उनके रेट का उठेगा मुद्दा

करंट क्राइम : नगर निगम ने अपना बोर्ड बैठक को लेकर एजेंडा तैयार कर लिया है। जिसमें जानकारी मिली है कि नगर निगम की जो बोर्ड बैठक सात मार्च को होगी, उस बैठक में महापौर द्वारा जिन विषयों पर चर्चा कराई जानी है, उसमें सड़क पर लगने वाले खोखे ,ठेली, पटरी को व्यवस्थित करने के लिए वेंडिंग जोन का निर्माण की पॉलिसी तय करने की जानकारी मिल रही है। तो वही साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने का प्लान भी बनाया जाएगा। वहीं नगर निगम की दुकानों की उसके मालिकाना हक के प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। इसके साथ ही निगम की आय बढ़ाने के लिए मैरिज होम, स्पोर्ट्स कंपलेक्स, रेस्टोरेंट, स्विमिंग पूल आदि के निर्माण का प्रस्ताव भी पास किया जा सकता है। इसके साथ ही नगर निगम अलग-अलग स्थानों पर जो पार्किंग संचालित करता है उनको लेकर रेट और समय का नया प्लान बनेगा। तो वहीं लोकल वेंडर्स कहां बैठेंगे, कितने देर का उनका समय मिलेगा और उसके लिए उनको प्रति माह और प्रतिवर्ष कितना रुपए वेंडिंग शुल्क के रूप में देना होगा, इस पर भी महत्वपूर्ण चर्चा होनी है।



### इंदिरापुरम के विकास कार्यों से लेकर निगम का तैयार होगा पूरा प्लान

करंट क्राइम : 7 मार्च को नगर निगम की बोर्ड बैठक में जहां इंदिरापुरम को हैंडोवर की प्रक्रिया की प्रथम किस्त मिल जाने के बाद आने वाले दिनों में इंदिरापुरम का किस प्रकार से विकास और योजनाओं को निगम धरातल पर उतारने का काम करेगा, इस पर पार्षदों और अधिकारियों के बीच वातार्लाप होने की जानकारी मिल रही है। तो वहीं शहर के कई इलाकों में कूड़े की गाड़ी ना आने और इसको लेकर होने वाली समस्या पर भी कई स्थानीय पार्षद अपनी आवाज रखेंगे। वहीं बीते दिनों जिस तरीके से नगर आयुक्त और महापौर द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए उन पर मुकदमे और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, इसको लेकर भी निगम सदन में बोर्ड बैठक के दौरान चर्चा होने की पूरी संभावना बनी हुई है।

# मौसम ने ली अंगड़ाई

## दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आस-पास के कई इलाकों में शनिवार, सुबह बारिश हुई। इसके बाद लोगों को बढ़ते तापमान के बीच राहत की मिली है। पीटीआई ने मौसम विभाग के आंकड़ों के हवाले से बताया कि इस साल फरवरी में दिल्ली में गर्मी रही और इस महीने का औसत अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश के मनाली में बर्फबारी का दौर जारी है।

दिल्ली में औसत न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछले 6 साल में फरवरी का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, शहर में आखिरी बार इतना गर्म औसत न्यूनतम तापमान 2017 में दर्ज किया गया था।

**दिल्ली में येलो अलर्ट :** दिल्ली में शुक्रवार रात भी हल्की बारिश हुई थी, जिसके बाद भारतीय मौसम विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को 19.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ शहर में 74 साल बाद अब तक का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

**टूटते रिकॉर्ड :** क्टऊके मुताबिक, इस मौसम में आखिरी बार सबसे अधिक न्यूनतम तापमान 1951 में दर्ज किया गया था। आंकड़ों के मुताबिक, इस बार फरवरी के तापमान ने 1951 के बाद से सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए। उसी दिन, अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो महीने का सबसे गर्म दिन था।

दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो मौसमी औसत से 6 डिग्री ज्यादा है। पिछली बार फरवरी में इतना अधिक तापमान 22 फरवरी, 2006 को दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली के साथ-साथ गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद और यमुनानगर के एनसीआर इलाकों में भी हल्की बारिश के साथ-साथ हवाएं चलने की भी संभावना है।

### मनाली में भारी बर्फबारी लगातार जारी

हिमाचल प्रदेश के मनाली में बर्फबारी लगातार जारी है, जिससे स्थानीय लोगों और सैलानियों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि मनाली के कोठी में सबसे ज्यादा बर्फबारी की जानकारी सामने आ रही है।

फिलहाल, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली से सटे इलाकों में बारिश खत्म हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर पश्चिम भारत में आज से मौसम की गतिविधि कम होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के पश्चिम और आसपास के मध्य भागों, बिहार, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के कुछ हिस्सों, सुदूर दक्षिण भारत में मौसम संबंधी गतिविधियां हो रही हैं।

# 'हम ऐसे भारत के निर्माण में जुटे, जहां किसान समृद्ध और सशक्त हो', बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### 'सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध'
### 'किसान केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार'
### 'हमारा प्रयास है कि कोई किसान पीछे न छूटे'
### 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' का एलान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 'कृषि और ग्रामीण समृद्धि' विषय पर वेबिनार को संबोधित किया। बजट के बाद के इस वेबिनार में पीएम मोदी ने कहा, इस वर्ष का बजट हमारी सरकार के तीसरे टर्म का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट में हमारी नीतियों में निरंतरता दिखी ही है, साथ ही विकसित भारत के विजन में नया विस्तार भी दिखा है। विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे भारत के संकल्प बहुत स्पष्ट हैं। हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हो, किसान सशक्त हो।'

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई किसान पीछे न छूटे। हर एक किसान को आगे बढ़ाएं। हमने कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए अपने अन्नदाताओं को गौरवपूर्ण स्थान दिया है। हम दो बड़े लक्ष्यों की ओर एक साथ बढ़ रहे हैं- पहला, कृषि सेक्टर का विकास और दूसरा, हमारे गांवों की समृद्धि। पीएम किसान सम्मान निधि योजना 6 साल पहले लागू की गई थी। इस योजना के तहत लगभग पौने 4 लाख करोड़ रुपए किसानों को मिल चुके हैं। इतनी राशि करीब-करीब 11 करोड़ किसानों के खाते में सीधे पहुंचाई गई है।

उन्होंने कहा कि हमने एक किसान केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, ताकि देशभर के किसानों तक इस योजना का लाभ पहुंच सके। आज भारत का कृषि उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर है। 10-11 साल पहले जो कृषि उत्पादन 265 मिलियन टन के करीब था, वो अब बढ़कर 330 मिलियन टन से ज्यादा हो गया है। ये हमारी सरकार के बीज से बाजार तक की अप्रोच का परिणाम है।

पीएम मोदी ने कहा कि हमने बजट में 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' का एलान किया है। इसके तहत देश के 100 सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले जिले यानी कम उत्पादकता वाले जिलों के विकास पर फोकस किया जाएगा। आज लोगों में पोषण को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है। इसलिए, बागवानी, डेयरी और फिशरी प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए इन सेक्टर्स में काफी इंवेस्टमेंट किया गया है। फल और सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बिहार में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा भी की गई है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत करोड़ों गरीबों को घर दिया जा रहा है। स्वामित्व योजना से संपत्ति मालिकों को ह्यअधिकारों का अभिलेखह्ण मिला है। हमने सेल्फ हेल्प ग्रूप की आर्थिक ताकत बढ़ाई है। हमने 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। हमारे प्रयासों से सवा करोड़ से ज्यादा बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुलाई पहली बैठक, कहा-

# '8 मार्च से मणिपुर में जनता की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की जाए'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए गृह मंत्रालय में बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला और अन्य लोग शामिल हुए। पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह पहली ऐसी बैठक है। मणिपुर में मई 2023 से जातीय हिंसा जारी है और अब तक वहां 250 लोगों की जान जा चुकी है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि 8 मार्च 2025 से मणिपुर में सभी मार्गों पर आम जनता की सुलभ आवाजाही सुनिश्चित की जाए और इसमें खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री ने जबरन वसूली के सभी मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मणिपुर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निर्धारित प्रवेश बिंदुओं के दोनों ओर बाड़ लगाने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। गृह मंत्री ने कहा कि मणिपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए नशे के कारोबार में शामिल पूरे



नेटवर्क को खत्म किया जाना चाहिए।

अधिकारियों ने मुताबिक, गृह मंत्री ने शनिवार को मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, मणिपुर सरकार, सेना, अर्धसैनिक बल के शीर्ष अधिकारी बैठक में शामिल हुए। एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। राज्य विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है और इसे अभी निलंबित अवस्था में रखा गया है।

सुरक्षा स्थिति की समीक्षा बैठक राज्यपाल द्वारा 20 फरवरी को दिए गए उस ह्यअल्टीमेटमह्ण के बाद आयोजित की जा रही है, जिसमें अवैध और लूटे गए हथियार रखने वाले सभी लोगों को हथियार सौंपने के लिए कहा गया है। सात दिनों की अवधि में मुख्य रूप से घाटी के जिलों में 300 से अधिक हथियार जनता द्वारा सौंपे गए। इनमें मेइती चरमपंथी समूह अरम्बाई टेंगोल द्वारा सौंपे गए 246 आग्नेयास्त्र शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय गृह सचिव भल्ला ने लोगों द्वारा अतिरिक्त समय देने की मांग के मद्देनजर लूटे गए और अवैध हथियारों को जमा कराने की समय सीमा शुक्रवार को छह मार्च शाम चार बजे तक बढ़ा दी है।

**दो जिलों में उग्रवादी समेत पांच लोग गिरफ्तार :** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कांगपोकपी और कामजोंग जिलों से एक उग्रवादी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कांगपोकपी के बिंपाराव से गिरफ्तार किए गए चार लोग प्रतिबंधित कुकी नेशनल फ्रंट (पी) के एक काडर के तहत कथित तौर पर काम कर रहे थे। सुरक्षा बलों ने भारत-म्यांमा सीमा पर कामजोंग के कुल्तुह गांव में शुक्रवार को प्रतिबंधित ह्यपीपुल्स लिबरेशन आर्मीह्ण के एक सक्रिय काडर को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक पिस्तौल और एक ग्रेनेड बरामद किया गया है।

### भाजपा सरकार की अक्षमता के कारण राष्ट्रपति शासन लगाया: कांग्रेस

कांग्रेस ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि यह कदम मुख्य रूप से राज्य की भाजपा सरकार की अक्षमता के कारण उठाया गया है।

कांग्रेस की मणिपुर इकाई के उपाध्यक्ष हरेश्वर गोस्वामी ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है, जबकि विधानसभा में भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त है।

उन्होंने आरोप लगाया, 'यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि केंद्र में भाजपा सत्ता में है और राज्य सरकार भी इसी पार्टी द्वारा चलाई जा रही थी। यह मुख्य रूप से राज्य में भाजपा सरकार की अक्षमता के कारण है।'

# चमोली हिमस्खलन में मांड़ा गांव में फंसे 55 मजदूरों में से 50 का रेस्क्यू, 4 की मौत

### जोशीमठ के 6 आर्मी हेलीपैड से चलाया जा रहा है रेस्क्यू अभियान

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली में हुए हिमस्खलन में मांड़ा गांव में 55 मजदूर फंस गए थे। मजदूरों के बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 50 मजदूरों का रेस्क्यू कर लिया गया है। हालांकि, रेस्क्यू किए गए 50 में से चार मजूदरों की मौत हो गई। वहीं, फंसे हुए 5 मजदूरों को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।

मजदूरों को बचाने के लिए आइबेक्स ब्रिगेड की बचाव टीम के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। सड़कें अवरुद्ध होने के कारण लोगों को निकालने के लिए कुल 06 हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। हेलीकॉप्टरों में भारतीय सेना विमानन के 3 चीता हेलीकॉप्टर, वायु सेना के



2 चीता हेलीकॉप्टर शामिल हैं। वहीं, रेस्क्यू अभियान में एक नागरिक हेलीकॉप्टर को भी शामिल किया गया है।

रेस्क्यू अभियान में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक 50 लोगों को बचाया जा चुका है। दुर्भाग्य से चार घायल व्यक्तियों की मृत्यु की पुष्टि हुई है। घायलों को निकालने के लिए प्राथमिकता दी जा रही है। सेना द्वारा लापता शेष पांच लोगों को बचाने के लिए खोज अभियान जारी है।

वरिष्ठ सेना अधिकारी व्यक्तिगत रूप से चल रहे बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री खुद पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं।

भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर जोशीमठ के आर्मी हेलीपैड से रेस्क्यू अभियान में जुटे हैं।

वर्ष 2013 की आपदा में भी यहीं से हेलीपैड से लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा था। उसे समय भी आईटीबीपी और भारतीय सेना देवदूत साबित हुई थी।

हालांकि अभी भी बचे हुए 5 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। रेस्क्यू अभियान में खराब मौसम बांधा बन रहा है।

# यात्रीगण कृपया ध्यान दें! : अमौसी एयरपोर्ट का रनवे 15 जुलाई तक सुबह 10 से शाम 8 बजे तक रहेगा बंद

**लखनऊः** लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (अमौसी एयरपोर्ट) का रनवे शनिवार से सुबह दस बजे से शाम आठ बजे तक बंद रहेगा। यह सिलसिला 15 जुलाई तक रहेगा। दिन के आठ घंटों में न कोई फ्लाइट आएगी और न ही यहां से उड़ान भरेगी। एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल टी-3 के निर्माण के बाद अब रनवे के समानांतर टैक्सी वे बनाया जाएगा। रनवे के आधुनिकीकरण के साथ विमानों की लैंडिंग व टेकआफ की प्रक्रिया आसान होगी। अमौसी एयरपोर्ट निजी कंपनी के हाथ में है। यहां रनवे का रिकार्पेटिंग यानी मेंटीनेंस कराया जाएगा। एयरपोर्ट प्रशासन ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को इसका प्रस्ताव भेजा था, जिसकी मंजूरी मिलने के बाद कार्य शुरू हो रहा है। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया, पहली मार्च से 15 जुलाई तक अमौसी एयरपोर्ट का रनवे सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक बंद रहेगा।



10 बजे से पहले व शाम छह बजे के बाद एयरपोर्ट से 132 विमानों की आवाजाही होगी। एयरलाइनों की ओर से दोपहर की उड़ानों की रिशेड्यूलिंग की गई है और संबंधित यात्रियों को इसकी सूचना भी भेजी जा चुकी है। अमौसी एयरपोर्ट पर घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित प्रतिदिन करीब 155 विमानों की आवाजाही है।

इनमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु सहित खाड़ी देशों से आने-जाने वाली उड़ानें भी हैं। एयरपोर्ट प्रवक्ता का कहना है कि 132 विमानों का संचालन सुबह दस बजे से पूर्व व शाम छह बजे के बाद सामान्य ढंग से होगा।

उड़ानों की रिशेड्यलिंग का असर यह है कि मार्च माह में उड़ानों की संख्या घटकर 118 रह गई है। विमानन कंपनियों को भी इस संबंध में सूचना देकर सहमति ली गई है। एयरपोर्ट से कुछ फ्लाइटें ऐसी भी हैं, जो सप्ताह में दो या तीन ही दिन संचालित होती हैं।

**16 विमान सेवाएं निरस्त :** रनवे मरम्मत के दौरान दोपहर में संचालित होने वाली विमान सेवाओं को निरस्त भी किया गया है। करीब 16 विमान निरस्त रहेंगे। इनमें नौ फ्लाइटें इंडिगो की हैं। इतना ही नहीं निरस्त होने वाले विमानों में दिल्ली व मुंबई की सेवाएं अधिक हैं। इसके अलावा इंदौर सहित कई गंतव्यों के फेरे घटाए गए हैं। एयरपोर्ट प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की है, उनका कहना है कि विमानों के आवागमन का केवल समय बदला गया है, सेवाएं यथावत हैं।

**यह भी महत्वपूर्ण :** रनवे का मेंटेनेंस वर्ष 2018 में हुआ था। अब रनवे की मौजूदा परत को हटाकर नई परत बिछाई जाएगी। एयरपोर्ट पर मौजूदा रनवे की लंबाई 2,744 मीटर व चौड़ाई 45 मीटर है। रनवे के समानांतर टैक्सी-वे भी बनेगा।

एयरफील्ड ग्राउंड लाइटिंग (एजीएल) को उन्नत बनाया जाएगा। इससे हेलोजन के स्थान पर एलईडी लगेंगी। एयरफील्ड साइनेज भी अपडेट होंगे, जिससे बिजली की खपत 50 प्रतिशत तक कम होगी।

# सीएम पुष्कर धामी ने राहत-बचाव कार्यों का लिया जायजा, रेस्क्यू मजदूरों का जाना हाल

**चमोली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को चमोली पहुंचे। यहां उन्होंने माणा गांव में ग्लेशियर टूटने के बाद हुए हादसे वाली जगह का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य को तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए। सीएम ने बताया कि सरकार प्रभावित श्रमिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए पूरी तरह सक्रिय है। वहीं ग्लेशियर टूटने से चार मजदूर की मौत हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 55 में से 50 लोगों को सर्च और रेस्क्यू किया जा चुका है। वहीं बाकी 5 लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि जो लोग रेस्क्यू किए गए हैं उनको ज्योतिर्मठ लाया जा रहा है और सभी का उपचार किया जा रहा है। सीएम ने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर हायर सेंटर भी रेफर किया जाएगा।





**सीएम ने इलाज करा रहे मजदूरों से की मुलाकात :** इसके साथ ही मुख्यमंत्री धामी आर्मी हास्पिटल भी पहुंचे, यहां उन्होंने इलाज करा रहे मजदूरों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। सीएम ने जिलाधिकारी को निर्देशि दिया कि खोज बचाव कार्य में किसी प्रकार आवश्यक संसाधनों की कमी न रहे जो भी आवश्यकताएं हैं उनको समय से चिन्हित किया जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से पूरी मदद मुहैया की जा रही है।

वहीं जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि कल 6 बजे करीब माणा पास के पास हिमस्खलन हुआ। वहीं पर बीआरओ के 57 मजदूर कंटेनरों में रहते थे जिनमें से 2 मजदूर छुट्टी पर थे।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ : सुरक्षा बलों ने किए दो नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस ने शनिवार को इस घटना की पुष्टि की। यह मुठभेड़ जंगलों में हुई, जहां सुरक्षा बलों की एक टीम सर्च ऑपरेशन पर थी। इसी दौरान नक्सलियों ने फोर्स पर हमला कर दिया, जिसके जवाब में जवानों ने भी मोर्चा संभाला। दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई, जिसमें दो नक्सली मारे गए हैं।



पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, घटनास्थल के आसपास इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई और नक्सली छिपा न हो।

गौरतलब है कि सुकमा जिला नक्सल प्रभावित इलाकों में से एक है, जहां अक्सर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों ने इस इलाके में नक्सल गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए अभियान चला रखा है।

इस मुठभेड़ को सुरक्षाबलों के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि इससे क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस का कहना है कि मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है और आगे की जांच जारी है।

# बड़ा फैसला: दिल्ली में 31 मार्च के बाद 15 साल पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल





**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में बढ़ते प्रदूषण पर काबू पाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में 15 साल से पुराने वाहनों को 31 मार्च के बाद से पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा। इसके लिए एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा, जो ऐसे वाहनों की पहचान करेगी।

**एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य :** इसके अलावा प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली के बड़े होटलों, कुछ बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स, दिल्ली एयरपोर्ट, बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट्स को तुरंत अपने यहां प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं।

**होगी क्लाउड सीडिंग :** हमने आज फैसला किया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके।

**खाली जगहों पर लगाए जाएंगे पेड़-पौधे :** दरअसल दिल्ली में प्रदूषण पर काबू पाने के लिए सिरसा ने अधिकारियों संग बैठक की। इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार दिल्ली में खाली जगहों पर पेड़-पौधे लगाएगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 02 मार्च -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# फूलों की रौनक और चटकारों की महक बढ़ा रही है फ्लावर शो में भीड़

## पतंगबाजी, म्यूजिकल लाइट, राजस्थानी डांस, मैजिक शो ने जीता लोगों का दिल

### दूसरे दिन सुबह से लेकर शाम तक आते-जाते रहे खास गेस्ट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लैंड क्राफ्ट डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हॉर्टिकल्चर एंड फ्लोरीकल्चर सोसायटी गाजियाबाद के सहयोग से गोल्फ लिंक में चल रहे फ्लॉवर शो एंड चटकारे के दूसरे दिन सुबह से लेकर शाम तक रौनक वाला माहौल दिखा। तो फ्लॉवर शो और चटकारे के दूसरे दिन लोग सुबह से ही अनेकों किस्म के फूल, पौधों की प्रदर्शनी, लखनवी जायके से लेकर दिल्ली और आगरा के पकवान का स्वाद लेने के लिए यहां पहुंचे। इसके साथ ही पर्यावरण से लेकर यहां मैजिक शो के साथ ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाले तुलसी मैजिशियन इंटरनेशनल चैंपियन के कलाकार पहुंचे थे। तो के रॉक ग्रुप दिल्ली द्वारा डांस की प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया गया। साथ ही यहां दिनभर विशिष्ट अतिथियों के आने का सिलसिला लगा रहा। तो आम लोगों ने भी इस खास मेले का जमकर दीदार किया। सुबह करीब 10:30 बजे से शुरू हुआ मेला देर रात तक चलता रहा। यहां लोगों ने अलग-अलग किस्म के फूलों की प्रदर्शनी और खास तरीके की गई पर्यावरण वाली सजावट का लुफ्त उठाया। तो वहीं इस सुहाने मौसम के बीच रंगीन फोटो और सेल्फी भी जमकर लीं गई। तो वहीं शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में कई गणमान्य लोग पहुंचे। जिसमें महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त नगर निगम विक्रमादित्य सिंह मलिक, डीसीपी सिटी राजेश कुमार का परिवार, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसडीएम निखिल चक्रवर्ती सहित अन्य अधिकारी भी यहां की सजावट, सुंदरता और लजीज पकवानों का जायज का लेने के लिए पहुंचे।

### डॉल्फिन, गणेश आकृति, मोर और बांस गार्डन भी है खास



करंट क्राइम : गाजियाबाद के लोग ही नहीं फ्लॉवर शो और चटकारे का मजा लेने के लिए नोएडा, दिल्ली, गुड़गांव और मेरठ तक से लोग आ रहे हैं। यहां लोगों का स्वागत से लेकर इस मेले को शानदार और यादगार बनाने के लिए सैकड़ो किस्म के फूलों के गार्डन और बोनसाई से लेकर अलग-अलग प्रकार के खास पेड़-पौधों को सजाया गया है। उनको आधुनिक लाइटिंग से सजाने के साथ ही यहां रंग-बिरंगे कॉर्नर व पार्क बनाए गए हैं, जो हर उम्र के लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। यहां सफेद फूलों और गेंदे के फूलों से जहां डॉल्फिन को बनाया गया है। तो वहीं भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर के भी दो अलग-अलग मॉडल बनाए गए हैं। लोग इनके पास पहुंचते हैं ,तो सुंदर कलाकृतियों को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर रहे हैं। तो वहीं युवक युवतियों यहां उनके साथ सेल्फी भी ले रहे हैं। इसके साथ ही सनातन धर्म का भी यहां नजारा प्रस्तुत किया जा रहा है। जिसमें सुदर्शन चक्र, शंख, धनुषबाण, गणेश आकृति तो वहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सेटेलाइट और पर्यावरण ऑक्सीजन पार्लर को भी प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही यहां बच्चों को पाउंड में तैरती रंग बिरंगी मछलियां अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। तो कई प्रजातियों के पक्षियों का पिंजरा भी अपनी ओर खींच रहा है। कुल मिलाकर इस तीन दिवसीय फ्लॉवर शो एवं चटकारे में लोग पहुंच रहे हैं, तो कब उनका समय घंटे में बीत जाता है, पता नहीं चल रहा है।

### नगर निगम ने सजाई है अपनी नर्सरी, दर्शाया है प्रदूषण से दूरी का संदेश

करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद द्वारा जहां स्वच्छता की अल्ख जगाने और हरियाली बढ़ाने व प्रदूषण को नियंत्रित करने की थीम पर यहां नर्सरी सजाई गई है। तो वहीं गीला कूड़ा अलग डालने और सूखा कूड़ा अलग डालने का संदेश भी दिया गया है। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा जिस तरीके से पार्कों और वेस्ट मटेरियल से बेस्ट मटेरियल बनाने का अभियान चलाया जा रहा है, उसको भी यहां प्रदर्शित किया गया है। इसके लिए बाकायदा नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा एक स्टॉल और मॉडल प्रस्तुत किया गया है। जिसको नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने भी देखा और अपने विभाग द्वारा बनाए गए, इस मॉडल की प्रशंसा की है।



### ललित जायसवाल ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का किया अभिनंदन



करंट क्राइम : फ्लॉवर शो के आयोजक ललित जायसवाल यहां आने वाले प्रमुख अतिथियों और गणमान्य लोगों का स्वागत कर रहे हैं। तो वही फ्लॉवर शो और चटकारे की याद में उनको मोमेंटो भी प्रदान कर रहे हैं। शनिवार को ललित जायसवाल द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, महापौर सुनीता दयाल सहित अन्य अधिकारियों और गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए, उन्हें प्रदान किया गया है। तो वही नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा है कि ललित जायसवाल द्वारा जिस प्रकार से फ्लॉवर शो को एक मुकाम तक पहुंचाने का काम किया गया है, यह उनकी तारीफ करने योग्य आयोजन है।








### निगम के अधिकारियों ने भी किया निरीक्षण

करंट क्राइम : नगर आयुक्त के साथ ही अपर नगर आयुक्त अवनेंद्र कुमार, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी सहित अन्य अधिकारी भी फ्लॉवर शो कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। तो फ्लॉवर शो, महाकुंभ व रामायण से जुड़ी हुई अशोक वाटिका, समुद्र मंथन और कई कलाकृति बनाई गई हैं, उनकी भी प्रशंसा हुई है। तो वहीं जिस तरीके से शहर के लोगों को एक सुंदर स्वच्छ और यादगार फ्लॉवर शो इस बार नगर निगम के साथ मिलकर दिया गया है, उसकी भी चारों ओर तारीफ हो रही है।





# राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चलाया स्वच्छता अभियान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा स्थित डॉ अंबेडकर पार्क में राज्यसभा सांसद, उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। सांसद संजय सिंह ने कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया जी के आदर्शों को आज जीवन में उतरने की आवश्यकता है। नौजवान मजलूम किसान आज उनसे प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि डॉ लोहिया कहते थे जेल संघर्ष का प्रतीक है तो वोट बदलाव का तथा फावड़ा रचनात्मकता का प्रतीक है। सरकारी तानाशाही के विरुद्ध हमें आज उसी रचनात्मक संदेश को जन जन में पहुंचाना है।

जिलाध्यक्ष निमित यादव ने समस्त आगंतुक कार्यकताओं व पदाधिकारी जनों का स्वच्छता अभियान में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। सफाई के बाद बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को स्वच्छ कर माल्यार्पण किया गया।





वह महात्मा बुद्ध की मूर्ति को स्वच्छ कर पुष्पांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निमित यादव, जिला महासचिव शैलेश कुमार, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष छवि यादव, शिल्पी सचान, पंकज अवाना, विजय शर्मा, सतपाल सिसोदिया,रवीश कुमार, राहुल कलछीना, नरेंद्र सांवरिया, एडवोकेट सुमित देशबंधु, अशोक तोमर, राहुल भारती, वंदना भारद्वाज, पुष्प लता, रवि त्रिपाठी, कुशल गोयत ,डॉ आदित्य सिंह, सोनू मिश्रा, प्रेम पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निमित यादव, जिला महासचिव शैलेश कुमार, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष छवि यादव, शिल्पी सचान,पंकज अवाना , विजय शर्मा, सतपाल सिसोदिया,रवीश कुमार , राहुल कलछीना,नरेंद्र सांवरिया, एडवोकेट सुमित देशबंधु, अशोक तोमर आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने हाउस टैक्स वसूली को लेकर टैक्स विभाग की लगाई क्लास 30 दिन में 95 करोड़ का दिया टारगेट







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा हाउस टैक्स वसूली को लेकर टैक्स विभाग के सभी संबंधित टीम व अधिकारियों से बैठक की गई, बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र द्वारा हाउस टैक्स कलेक्शन हेतु चल रही कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिस पर नगर आयुक्त द्वारा प्रत्येक वार्ड में चल रहे कार्यों का स्टेटस सीधा टीम से लिया गया कर अधीक्षक तथा राजस्व निरीक्षक को बारी-बारी दिए गए टारगेट के क्रम में जानकारी ली गई साथ ही छुट्टी पर चल रहे स्टाफ को सख्त हिदायत देते हुए 31 मार्च से पूर्व बिना मजबूरी के छुट्टी न करने के लिए कहा गया।

### नगर आयुक्त ने अधिकारियों से मांगी साप्ताहिक कार्य योजना

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा सिटी जोन के टैक्स सुपरिंटेंडेंट संजय से जानकारी मांगी। जानकारी ना बताने पर शासन को प्रतिकूल प्रविष्टि हेतु पत्र जारी करने के निर्देश टीम को दिए गए, इसके अलावा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव द्वारा बताया गया कि 30 दिन में सभी जोनल प्रभारी को 95 करोड़ की वसूली करनी है जिसके लिए अवकाश दिवसों में भी कैंप लगाए जा रहे हैं मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव समस्त जोनल प्रभारी व अन्य टीम उपस्थित रही।

### नगर आयुक्त ने हाउस टैक्स वसूली पर की कवि नगर जोन की सराहना, सिटी जोन के टी एस पर कड़ी कार्रवाई का दिया आदेश



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स वसूली को लेकर रफ्तार से कार्य किया जा रहा है समय-समय पर सभी अधिकारियों को मोटिवेट भी किया जा रहा है कमर्शियल भवन इंडस्ट्रियल एरिया तथा हाई राइज सोसाइटी को टारगेट बनाने के लिए टीम को निर्देश दिए गए हैं इसी क्रम में बताना है कि गाजियाबाद के कवि नगर जोन क्षेत्र में हाउस टैक्स वसूली बेहतर हुई है जिसमें जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग मिला है वसुंधरा जोन का टारगेट 53 करोड़ है कवि नगर को 8 करोड़ का टारगेट दिया गया है, विजयनगर द्वारा 2 करोड़ की वसूली की जानी है सिटी द्वारा 21 करोड़ की वसूली की जानी है तथा मोहन नगर जोन को 11 करोड़ की वसूली की जानी है, सभी वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने तथा अवकाश दिवसों में कैंप लगाने की निर्देश दिए गए हैं गाजियाबाद नगर निगम लक्ष्य पूर्ति के क्रम में बेहतर कार्यवाही करें सभी टीम को मोटिवेट किया गया है। शहर को विकास की रफ्तार देने के लिए हाउस टैक्स वसूली गाजियाबाद नगर निगम बढ़ाने के लिए तैयारी कर रहा है अगले 30 दिनों में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 95 करोड़ की हाउस टैक्स वसूली की जानी है जिसके लिए जन-जन को जागरुक भी किया जा रहा है।

## संपादकीय

# आईटी उद्योग में एआई की दस्तक

वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही यानी अक्टूबर-दिसंबर 2025 में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के नतीजे और उनके प्रबंधन से मिले आगे के अनुमान बताते हैं कि इस उद्योग के कारोबारी मॉडल में आमूलचूल बदलाव हो सकता है। हाल ही में आयोजित नैस्कॉम टेक्नोलॉजी ऐंड लीडरशिप फोरम में जुटी उद्योग की अग्रणी शख्सियतों की बातों से भी इस धारणा को बल मिला। तीसरी तिमाही के नतीजे अच्छे थे और अनुमान भी सतर्कता भरे मगर आशाजनक थे।
किंतु आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाए जाने का असर स्पष्ट तौर पर महसूस किया जा रहा है और इसी वजह से पुरानी लीक पर चल रही भारतीय आईटी सेवा कंपनियों के कारोबारी तौर-तरीके बदलने पड़ेंगे। कंपनियों के प्रबंधन ने नतीजे के समय जो भी कहा, उससे पता चलता है कि गैर-जरूरी खर्च बढ़ने के साथ व्यापक माहौल बेहतर हो रहा है और बड़ी संख्या में सौदों पर बातचीत चल रही है। जेनरेटिव एआई का इस्तेमाल बढ़ने के साथ ही अब परिणाम कर्मचारियों की संख्या के मोहताज नहीं रह गए हैं और कारोबारी क्लाइंट अब हाइपरस्केलर मॉडल (क्लाउड कंप्यूटिंग के लिए बड़े डेटा सेंटर) की ओर बढ़ना चाह रहे हैं, जहां ज्यादातर काम भीतर ही किया जाए। एचसीएल टेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सी विजयकुमार का कहना है कि क्लाइंट अब आधे कर्मचारी रखकर दोगुना राजस्व हासिल करना चाहते हैं। भारतीय आईटी उद्योग कहता है कि एआई से जितने रोजगार घटेंगे उससे ज्यादा नए रोजगार आएंगे। उन्हें लगता है कि यह तकलीफ कुछ समय की होगी और आगे जाकर एकदम नए कारोबारी मॉडल की जरूरत होगी। नैस्कॉम का अनुमान है कि फिलहाल करीब 4 लाख आईटी कर्मियों के पास एआई का हुनर है मगर इनमें से केवल 1 लाख के पास ही उच्च कौशल है।
एआई हुनरमंद कर्मचारियों की संख्या बढ़कर मध्यम अवधि में 17 लाख और लंबी अवधि में 27 लाख हो सकती है। परंतु निकट भविष्य में उनकी संख्या ठहर सकती है या कम हो सकती है। गार्टनर का अनुमान है कि 2025 में आईटी पर खर्च 10 फीसदी बढ़ेगा। एआई ऑप्टिमाइजेशन वाले सर्वरों पर खर्च दोगुना होकर 202 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा और इसमें 70 फीसदी से ज्यादा खर्च आईटी सेवा कंपनियों तथा हाइपरस्केलिंग कंपनियों से आएगा। अनुमान है कि 2028 तक 1 लाख करोड़ डॉलर से अधिक के सर्वर एआई के साथ काम करने लगेंगे।
हाइपरस्केलर जेनरेटिव एआई एकीकरण को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे काम का बोझ दफ्तरों से निकलकर क्लाउड, डेटा सेंटर, बुनियादी ढांचा सेवा और साइबर सुरक्षा पर चला जाएगा। क्लाइंट को संस्थान के लोगों से काम कराना बेहतर लगेगा। आईटी सेवा, डेटा सेंटर और हाइपरस्केलर के बीच का भेद मिट रहा है क्योंकि तीनों क्षेत्रों के कारोबारी मॉडल और कौशल एक जैसे हो रहे हैं। एआई से सेवा क्षेत्र में बहुत फायदे होंगे और नए अवसर भी तैयार होंगे, लेकिन एआई को अपनाने से निकट भविष्य में राजस्व वृद्धि, परिचालन मार्जिन और मूल्यांकन घट सकते हैं। सॉफ्टवेयर विकास, परीक्षण और बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग यानी बीपीओ कारोबार तेजी से एआई के सहारे आ रहे हैं। कई क्लाइंट डेटा इन्फ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बना रहे हैं और पुराने कोड को अपडेट कर रहे हैं।

# 2000 के नोटों का खेल खत्म!

## आरबीआई का बड़ा एलान- 98.18% नोट वापस आए

### अब बचे नोटों का क्या होगा?




**नई दिल्ली।** 2000 रुपये के 98.18 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल 6,471 करोड़ रुपये मूल्य के नोट ही अब जनता के पास बचे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने शनिवार इसकी जानकारी दी। 19 मई, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने का एलान किया था।

आरबीआई ने अपने ताजा अपडेट में कहा है कि 19 मई 2023 को कारोबार बंद होने के दौरान 2000 रुपये के 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट मौजूद थे। 28 फरवरी 2025 को कारोबार बंद होने के दौरान बाजार में मौजूद 2000 के नोटों की संख्या घटकर 6,471 करोड़ रुपये हो गई है। आरबीआई ने कहा, 19 मई 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के नोटों के 98.18 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं।₹

**19 मई, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने का एलान किया था।**

2000 रुपये के बैंक नोट जमा करने और/या बदलने की सुविधा 7 अक्तूबर 2023 तक सभी बैंक शाखाओं पर उपलब्ध थी। फिलहाल यह सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। 9 अक्तूबर 2023 से, आरबीआई के निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं।

इसके अलावा, आम लोग भारतीय डाक के जरिए देश के किसी भी डाकघर से 2000 रुपये के नोट को अपने बैंक खाते में जमा कराने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के किसी भी कार्यालय में भेज सकते हैं। आरबीआई ने साफ किया है कि 2000 रुपए के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

# नए आरबीआई गवर्नर के रुपये पर लचीले रुख से 2025 में घरेलू करेंसी 1.8% टूटा, यूबीआई की रिपोर्ट

### अमेरिकी व्यापार नीति से बाजार में अनिश्चितता बढ़ी



**नई दिल्ली।** भारतीय मुद्रा के प्रबंधन में आरबीआई की ओर से किए गए नीतिगत बदलावों ने डॉलर के मुकाबले रुपये को कमजोर किया है। डॉलर की तुलना में रुपये में 2025 के पहले दो महीनों में 2024 में हुए मूल्यह्रास की तुलना में आधे से अधिक की गिरावट आ चुकी है। 28 फरवरी तक रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 1.8 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। यह गिरावट इससे पहले 2023 में आई 1.5 प्रतिशत की गिरावट से अधिक है और 2024 में दर्ज तीन प्रतिशत की कमजोरी का लगभग आधा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

**आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के रुख से रुपये में गिरावट: रिपोर्ट :** रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के रुख में बदलाव को रुपये में गिरावट के लिए जिम्मेदार ठहराया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मल्होत्रा की अगुवाई में केंद्रीय बैंक ने अधिक लचीले रुपये के लिए विकल्प खुला छोड़ रखा है। आरबीआई रुपये को स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ने की अनुमति दे रहा है। जबकि पूर्व आरबीआई गवर्नर दास ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को बहुत स्थिर रखने का समर्थन किया था, इससे भी रुपये पर दबाव पड़ रहा है।

व्यापार युद्ध के जोखिमों के बढ़ने और अमेरिकी व्यापार नीतियों को लेकर अनिश्चितता ने बाजार की चिंताओं को जन्म दिया है। वैश्विक व्यापार व्यवधानों के बारे में निवेशकों की चिंता के कारण रुपया, अन्य एशियाई मुद्राओं के साथ दबाव में आ गया है। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (फ्रक) द्वारा नीतिगत बदलाव ने भी रुपये को प्रभावित किया है।

**नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा का रुपये पर रुख अधिक लचीला :** नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अधिक लचीला रुख अपनाया है, जिसमें कहा गया है कि केंद्रीय बैंक रुपये को अन्य उभरते बाजार मुद्राओं के साथ स्वतंत्र रूप से चलने की अनुमति देगा। यह पूर्व

# श्रीलंका को आईएमएफ से राहत पैकेज की चौथी किस्त मिली




### पाकिस्तान का कर घाटा बढ़कर 606 अरब हुआ

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने श्रीलंका को 2022 के आर्थिक संकट से उबरने के लिए अपने 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के राहत पैकेज से 33.4 करोड़ डॉलर की चौथी किस्त जारी करने पर सहमति जताई है। आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने श्रीलंका को 48 महीने की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) व्यवस्था के तहत तीसरी समीक्षा पूरी करने के बाद शुक्रवार को चौथी किस्त जारी करने को मंजूरी दी।

वैश्विक ऋणदाता ने कहा कि वह संकटग्रस्त देश को लगभग 33.4 करोड़ डॉलर जारी करेगा, जिससे कुल वित्त पोषण लगभग 1.3 अरब डॉलर हो जाएगा। आईएमएफ ने कहा कि श्रीलंका ने कार्यक्रम के तहत अच्छा प्रदर्शन किया है।

इस बीच पाकिस्तान का कर घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में बढ़कर 606 अरब पाकिस्तानी रुपये (189.45 अरब भारतीय रुपया) हो गया। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि ऐसे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ किए गए वादों का उल्लंघन करने के लिए अधिकारियों पर दबाव बढ़ गया है। आईएमएफ ने पाकिस्तान को सात अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज दिया है, लेकिन इसके लिए कर संग्रह बढ़ाने सहित सख्त शर्तें लगाईं हैं।

**देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर :** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी महीने में बढ़कर 4.6 फीसदी पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.2 फीसदी और दिसंबर, 2024 में 4.8 फीसदी रही थी।

**61,000 करोड़ रुपये तक घट सकता है अमेरिका को निर्यात**

शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी में कोयला उत्पादन 4.6 फीसदी, इस्पात 3.7 फीसदी और बिजली उत्पादन 1.3 फीसदी बढ़ा। पिछले साल की समान अवधि में इन उद्योगों में क्रमशः 10.6 फीसदी, 9.2 फीसदी और 5.7 फीसदी की वृद्धि हुई थी। हालांकि, फाइनरी उत्पाद, उर्वरक और सीमेंट का उत्पादन बढ़कर क्रमशः 8.3 फीसदी, तीन फीसदी और 14.5 फीसदी पहुंच गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.4 फीसदी रही। 2023-24 की समान अवधि में इन उद्योगों की वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही थी। आठ प्रमुख उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 40.27 फीसदी योगदान है।

डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लागू करने पर 2025-26 में अमेरिका को भारत का निर्यात 2 से 7 अरब डॉलर (61,000 करोड़ रुपये) तक घट सकता है।

# भारत की तरक्की में दिख रहे अवसर : ली सीन लूंग



**नई दिल्ली।** सिंगापुर भारत की तेज तरक्की में अपने लिए अवसर देख रहा है। सिंगापुर के 20 साल प्रधानमंत्री रहे ली सीन लूंग ने यह बात कही है। शनिवार को भारतीय कारोबारी समुदाय से मुलाकात के दौरान लूंग ने कहा कि 'भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत में सिंगापुर की एक साख है और सभी भारतीय सरकारों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध रहे हैं।' सिंगापुर मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व पीएम ने कहा कि सिंगापुर भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने, कौशल प्रशिक्षण और फिनटेक जैसे सेक्टर में सहयोग बढ़ाने को अवसर की तरह देख रहा है।

**भारत के इन क्षेत्रों में निवेश पर विचार कर रहा सिंगापुर :** पूर्व पीएम ने कहा कि सिंगापुर भारत में स्वास्थ्य सेवाओं, डिजिटल और हरित ऊर्जा जैसे सेक्टर्स में भी निवेश के अवसर तलाश रहा है। ली ने भारत और सिंगापुर के बीच दो दशक पुराना सिंगापुर-भारत मुक्त व्यापार समझौते का भी जिक्र किया और कहा कि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और यात्रा संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि सिंगापुर अपनी जनसंख्या और प्रतिभा पूल को बढ़ाने के लिए अप्रवासियों और विदेशी श्रमिकों पर बहुत अधिक निर्भर है। इसलिए, सिंगापुर आने वाले लोगों को 'बेहद संवेदनशीलता और सावधानी के साथ प्रबंधित किया जाना चाहिए, ताकि ये प्रवाह संतुलित और टिकाऊ रहे।'

## राशिफल

**मेष :** आज वाहन सुख का विस्तार होगा। पूर्व निर्धारित कार्यों में सफल रहेंगे। भविष्य की चिंता सताएगी। जीवनसाथी के साथ छोटा विवाद होने की संभावना है।
**वृष :** नौकरी और व्यवसाय के लिए अच्छा समय है। उपलब्धियों के अनुसार उचित परितोष प्राप्त हो सकता है। आर्थिक मामलों में वृद्धि के मजबूत संकेत हैं।
**मिथुन :** जिंदगी में होने वाला बदलाव फेवर में रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन फेवरेबल रहेगा। आप किसी नये कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं।
**कर्क :** आज सम्बंधो में कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति है। व्यापार में नई संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। जहां तक संभव हो, फालतू की यात्रा कम करें।
**सिंह :** आज आप में से कुछ कई क्षेत्रों में सकारात्मक विकास देखेंगे। महत्वाकांक्षी उपक्रमों में निवेश करके आप अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं।
**कन्या :** आज किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।
**तुला :** तुला राशि को मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। भौतिक सुखद यात्रा की भी संभावना है।
**वृश्चिक :** प्रेमियों के लिए समय अनुकूल है। जो लोग प्रेम विवाह की प्रतीक्षा में थे, उनकी भी मुराद पूरी होने वाली है। संतान को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है।
**धनु :** अपने माता-पिता के साथ शॉपिंग के लिए जायेंगे। अच्छा डिस्काउंट मिल सकता है। इस राशि के जो लोग पर्यटन से जुड़े हैं, उनकी आय में बढ़ोतरी हो सकती है।
**मकर :** अपने परिवार की भावनाओं को समझकर गुस्से पर काबू रखें। दफ्तर में आप तारीफ पाएंगे। वाहन चलाते वक्त आपको सावधानी बरतनी आवश्यक रहेगी।
**कुंभ :** अपना काम बहुत सलीके से करेंगे। व्यावसायिक योग्यता विकसित होगी। नए उद्यम में सफलता मिलेगी। बौद्धिक क्षमता के कारण प्रचुर सम्मान प्राप्त करेंगे।
**मीन :** कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करेंगे। आपको किसी सामाजिक कार्य में शामिल होने का मौका मिल सकता है। मेहनत से काम में आपको सफलता मिलेगी।

## चुटकुले

एक बार बंता को जोर-जोर से रोता हुआ देख संता ने उस से पूछा;
संता- तुम क्यों रो रहे हो?
बंता- मेरे पड़ोसी रामू का हाथी मर गया है!
संता- तो तुम क्यों रो रहे हो, क्या तुम उस हाथी से बहुत प्यार करते थे?
बंता- नहीं!
संता- तो फिर तुम क्यों रो रहे हो?
बंता- मुझे उसकी कब्र खोदने का काम मिला है!

---

मोनू- डॉक्टर साहब 2 साल पहले मुझे बुखार आया था तो आपने नहाने के लिये मना किया था !!!
डॉक्टर- तो अब क्या?
मोनू- आज इधर से गुजर रहा था तो सोचा कि पूछता चलू ..अब नहा लूं क्या ?

---

संता- अगर तुम्हें गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- मैं कूलर के पास जाकर बैठ जाता हूं।
संता- अगर फिर भी गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- तो फिर मैं कूलर चालू कर लेता हूं!

## रोचक तथ्यों का करंट

- माउंट एवरेस्ट पर इसके बारे में 200 मृत शरीर हैं, जो अब शीर्ष के रास्ते पर मौजूद हैं।
- माउंट एवरेस्ट न केवल पर्वतारोहियों की लाशों से बनी है, लेकिन अनुमानित 50 टन कचरा, यह दुनिया का सबसे गन्दा पर्वत बना रहा है। ऐतिहासिक रूप से, हर 100 पर्वतारोहियों के लिए जिन्होंने इसे माउंट एवरेस्ट के शिखर तक अपनी पहुँच बनायीं है, 4 की मृत्यु हो गई है।
- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ते हुए 65,000 अमेरिकी डॉलर का खर्च आता है।
- माउंट एवरेस्ट के शीर्ष पर पानी का उबलते बिंदु 71 डिग्री सेल्सियस (160F) है।
- माउंट एवरेस्ट प्रत्येक वर्ष 0.1576 इंच (4 मिमी) बढ़ता है।
- माउंट एवरेस्ट तक मार्ग पर उच्च गति वाला इंटरनेट है।
- नेपाल में 2015 भूकंप के कारण माउंट एवरेस्ट ने एक इंच (2.5 सेमी) सिकुड़ गया है।
- माउंट एवरेस्ट को 'ईव-रेस्ट' कहा जाता है, 'एवर-एस्ट' नहीं, जैसा कि इसका नाम जॉर्ज एवरेस्ट के नाम पर है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# प्राग मास्टर्स में प्रज्ञानंद ने पहली जीत दर्ज की, अरविंद ने एकल बढ़त हासिल की

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने चेक गणराज्य के एनगुयेन थाई डाई वान के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि हमवतन अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स के तीसरे दौर में चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराकर एकल बढ़त हासिल की। टूनामेंट के प्रबल दावेदारों में से एक प्रज्ञानंद ने 14वीं चाल में यह प्रभावशाली जीत दर्ज की।

पहले दो दौर में दो ड्रॉ खेलने के बाद उनके लिए यह जीत अहम रही। उन्होंने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा, 'दूसरा दौर कुछ खास नहीं था। पहले दौर में मेरी स्थिति अच्छी थी।' प्रज्ञानंद की यह पहली जीत रही जबकि हमवतन अरविंद चिथमबरम लाइव रेटिंग में दुनिया के शीर्ष 20 खिलाड़ियों में प्रवेश करने के बाद पहली बार एलीट टूनामेंट में खेल रहे हैं।



वियतनाम के क्वांग लीम ले, चेक गणराज्य के डेविड नवारा, हॉलैंड के अनीश गिरी और शंकलैंड संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं

अरविंद के इस जीत से तीन में से 2.5 अंक हो गए। वहीं अमेरिका के सैम शंकलैंड को जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार मिली। प्रज्ञानंद और कीमर दो दो अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। वियतनाम के क्वांग लीम ले, चेक गणराज्य के डेविड नवारा, हॉलैंड के अनीश गिरी और शंकलैंड संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं, ये डाई वान और तुर्किये के गुरेल एडिज से आधा अंक आगे हैं। शीर्ष वरीय वेई यी 10 खिलाड़ियों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर हैं। राउंड-रॉबिन टूनामेंट में अभी छह दौर बाकी हैं। साथ ही खेले जा रहे चैलेंजर्स वर्ग में दिव्या देशमुख को तीन दिन में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। उन्हें उज्बेकिस्तान की नोडिरबेक याकूबबोव से हार मिली।

# दिल्ली ने मुंबई को 9 विकेट से हराया: पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंची कैपिटल्स; कप्तान मेग लैनिंग ने फिफ्टी लगाई

**बेंगलुरु।** विमेंस प्रीमियर लीग सीजन-3 के 13वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई, टीम ने मुंबई को दूसरे नंबर पर खिसका दिया। दिल्ली से कप्तान मेग लैनिंग ने फिफ्टी लगाई। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को दिल्ली ने बैटिंग चुनी। मुंबई ने 9 विकेट खोकर 123 रन बनाए। दिल्ली ने 14.3 ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

मुंबई से एक भी फिफ्टी नहीं लगी टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस ने छठे ओवर में पहला विकेट गंवाया। यस्तिका भाटिया 11 रन बनाकर आउट हुईं। यहां से हेली मैथ्यूज 22, नैट सिवर ब्रंट 18, हरमनप्रीत कौर 22, सजीवन साजना 17 और अमीलिया केर 17 रन बनाकर आउट हुईं। मुंबई से 4 बैटर्स 6 रन से ज्यादा नहीं बना सकीं। टीम ने 9 विकेट खोकर 123 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली से जेस जोनासेन और मिन्नु मणि ने 3-3 विकेट लिए। शिखा पांडे और एनाबेल सदरलैंड को 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रनआउट भी हुईं।





शेफाली वर्मा ने 43 रन बनाए 124 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को ओपनर्स ने तेज शुरूआत दिलाई। शेफाली वर्मा ने कप्तान मेग लैनिंग के साथ 85 रन की पार्टनरशिप की। शेफाली 28 गेंद पर 43 रन बनाकर आउट हुईं।

लैनिंग ने फिफ्टी लगाई, उन्होंने जेमिमा रोड्रिग्ज के साथ मिलकर 15वें ओवर में टीम को जीत दिला दी। लैनिंग ने 60 और जेमिमा ने 15 रन बनाए। मुंबई से इकलौता विकेट अमनजोत कौर को मिला। दिल्ली टॉप पर, बेंगलुरु तीसरे नंबर पर मुंबई को हराकर दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन 6 मैचों में चौथी जीत दर्ज की। टीम 8 पॉइंट्स के साथ टॉप पर पहुंच गई। मुंबई 5 मैचों में दूसरी हार के बाद 6 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है। बेंगलुरु तीसरे, यूपी चौथे और गुजरात पांचवें नंबर पर है।

## शमी और रोहित फिट न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल ने कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के फिटनेस पर अपडेट दिया है। राहुल ने शुक्रवार को प्रेस कॉफ्रेंस में कहा, रोहित और शमी न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के आखिरी चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप मैच में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। भारत का अगला मैच रविवार (2 मार्च) को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला जाएगा।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी मुश्किल में दिखे थे और कुछ समय के लिए मैदान से बाहर गए थे। वहीं, रोहित को भी हैमस्ट्रिंग में समस्या महसूस हुई थी, वे भी कुछ समय के लिए फिल्ड से बाहर गए थे।

राहुल ने कहा, मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन इतना पता है कि हर कोई ठीक है। मुझे जहां तक पता है किसी के भी मैच मिस करने की चिंता नहीं है।

# चैंपियंस ट्रॉफी के बाद जल्द 3 बार भिड़ेंगी भारत-पाकिस्तान की टीमें!

**मुंबई।** पिछले दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना हुआ। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन पाकिस्तान का टूनामेंट में सफर समाप्त हो गया है। बहरहाल, क्रिकेट फैंस के जेहन में सवाल है कि अब भारत और पाकिस्तान की टीमें कब आमने-सामने होंगी? अगर आप भारत-पाकिस्तान मैच के फैन हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। दरअसल, आपको एक बार फिर जल्द भारत-पाकिस्तान की भिड़त देखने को मिल सकती है।



**तो एशिया कप में 3 बार आमने-सामने होंगी भारत और पाकिस्तान की टीमें?**

भारत और पाकिस्तान की टीमें ग्रुप मैच के अलावा सुपर-4 राउंड में भिड़ सकती हैं। इसके अलावा भारत-पाकिस्तान के बीच फाइनल संभव है। अगर ऐसा हुआ तो टूनामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच 3 बार मुकाबला देखने को मिल सकता है। हालांकि, अब तक अधिकारिक तौर पर जानकारी सामने नहीं आई है। एशिया कप के शेड्यूल, मेजबान, फॉर्मेट और टीम के बारे में जल्द अधिकारिक जानकारी सामने आ सकती है। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एशिया कप 2025 की मेजबानी श्रीलंका के अलावा को मिल सकती है।

### अब भारत और पाकिस्तान की भिड़त कब होगी?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एशियन क्रिकेट काउंसिल ने एशिया कप पर मुहर लगा दी है। इस टूनामेंट का आयोजन सितंबर में हो सकता है। वहीं, एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका को मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एशिया की मेजबानी श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को मिल सकती है। साथ ही टूनामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि एशिया कप में भारत-पाकिस्तान समेत अन्य 8 टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। भारत और पाकिस्तान सेम ग्रुप में होंगे। अगर ऐसा हुआ तो भारत और पाकिस्तान की टीमें टूनामेंट में 3 बार आमने-सामने हो सकती हैं।

# जीएसटी सुविधा केंद्र से लगेगी फर्जी पंजीयन पर रोक

**- राज्य कर विभाग में जीएसटी सुविधा केंद्र का उद्घाटन**

**- जीएसटी सुविधा केंद्र में 6 काउंटर बनाए गए**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राज्य कर विभाग में शनिवार को जीएसटी सुविधा केंद्र की स्थापना की गई। सुविधा केंद्र पर रजिस्ट्रेशन से पूर्व बायोमेट्रिक का कार्य किया जाएगा, जिससे फर्जी पंजीयन पर रोक लगेगी। अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर जोन-प्रथम मानवेन्द्र प्रताप सिंह व अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर जोन-द्वितीय भूपेन्द्र शुक्ला ने फीता काटकर जीएसटी सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। गाजियाबाद जनपद के जीएसटी सुविधा केंद्र में कुल 06 काउंटर (कियोस्क) बनाए गए हैं। मुख्यालय से निर्देश प्राप्त होने के बाद बायोमेट्रिक का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। भारत में सबसे पहले गुजरात में जीएसटी सुविधा केंद्र शुरू किए गए हैं। संयुक्त आयुक्त (कॉर्पोरेट सर्किल) विवेकानंद शुक्ला को गाजियाबाद में जीएसटी सुविधा केंद्र का नोडल अधिकारी बनाया गया है।




### पंजीयन से पूर्व बायोमेट्रिक अनिवार्य

अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर जोन-प्रथम मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि रजिस्ट्रेशन से पहले बायोमेट्रिक कराना अनिवार्य हो गया है। जीएसटी सुविधा केंद्र में बनाए गए काउंटर पर आवेदनकर्ता उपस्थित होंगे और बायोमेट्रिक की प्रक्रिया पूर्ण कराएंगे। प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ही पंजीयन दिया जाएगा।

### राजस्व में होगी बढ़ोतरी

अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर जोन-द्वितीय भूपेन्द्र शुक्ला ने कहा कि जीएसटी सुविधा केंद्र खुलने से फर्जी पंजीयन पर अंकुश लगेगा। राजस्व क्षति रोकने में बायोमेट्रिक प्रक्रिया महत्वपूर्ण होगी। प्रपत्रों के दुरूपयोग पर रोक लगेगी तथा राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त जिलाजीत सिंह, संयुक्त आयुक्त विवेकानंद शुक्ला, संयुक्त आयुक्त श्रीराम गोंड मौजूद रहे।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने झंडापुर गांव से खाटू श्याम पैदल यात्रा का किया शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** झंडापुर वार्ड नंबर 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय अपने साथियों के साथ शुरू की खाटू श्याम बाबा की पदयात्रा का शनिवार को शुभारंभ किया। यात्रा झंडापुर सिद्धबली हनुमान मंदिर झंडापुर से खाटू श्याम बाबा का निशान उठाकर अपने साथियों के साथ पदयात्रा शुरू की। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया इस यात्रा में उनके साथ राहुल परिहार प्रीतम सूर्यवंशी कमल चौहान सविता चौहान नंना गुप्ता को श्री सिद्धबली हनुमान मंदिर झंडापुर से श्री खाटू श्याम के दरबार के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह मोहित सिंह रंग लाल यादव एवं भारी संख्या में महिलाओं ने श्री खाटू श्याम भक्तों को पदयात्रा के लिए रवाना किया। पार्षद भूपेंद्र उपाधयाय ने कहा की बाबा खाटू श्याम के चरणों में वार्ड 41 के अमन शांति के लिए दुआ करें। उन्होंने बताया कि उनकी यात्रा 300 किलोमीटर की रहेगी। जो 8 मार्च को पूरी होगी ओर 9 मार्च को बाबा के दर्शन करके वापसी आएंगे।

# इंदिरापुरम में धूमधाम से मनाया जा रहा उत्तरैणी मकरैणी उत्सव





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को इंदिरापुरम शिप्रा मॉल के पास लोक पर्व उत्तरैणी-मकरैणी उत्सव मनाया जा रहा है। गढ़वाली मांगल गीत की प्रस्तुति के साथ, निराला ग्रुप द्वारा डांस, छोटे बच्चों का डांस साथ ही साथ, उत्तराखंड बाँद परिधान प्रतियोगिता भी हुई। जो सुबह 11 बजे से 3 बजे के बीच हुई। 3 बजे के बाद उत्तराखंडी कलाकार पन्नू गुसाईं, गायक राकेश खनवाल, श्रवण भरद्वाज, दीपा चौहान और सत्येंद्र फरंडियाल द्वारा मंच पर अपनी गायकी की प्रस्तुति दी है। हजारों की भीड़ कौथिक मेला देखने के लिए पहुंचे। साथ ही साथ उत्तराखंडी व्यंजनों की खरीदारी भी कर रहे है। प्रवतीय प्रवासी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सागर रावत ने कौथिक की इस सफल शुरवात के लिए सभी कार्यकारिणी का आभार प्रकट किया है और रविवार आखिरी दिन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कौथिक मे 3 बजे शिरकत करेंगे।

# पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने पार्क के सौन्दर्यीकरण कार्य का किया शुभारंभ



**साहिबाबाद करंट क्राइम।** वार्ड 83 में पार्षद कविता प्रवीन भाटी जी के द्वारा सी ब्लांक सुभाष पार्क मे सौन्दर्यकरण घास पेड पौधे कार्य का उद्घाटन सम्मानित निवासियों की मौजूदगी में भाई राजीव निझावन मिलकर नारियल तोड़कर किया गया। पार्षद जी ने बताया की इस पार्क मे कार्य होने के उपरांत सभी ब्लांक सी में निवास कर रहे निवासियों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा व वार्ड के सौंदर्यीकरण में भी एक मील का पत्थर साबित होगा। पार्षद दारा बताया गया इस पार्क मे समय समय पर कार्य होते रहते हैं आसपास के लोग खयाल रखेंगे तो पार्क और भी अच्छा हो जाएगा क्षेत्र मे लगातार विकास के कार्य चल रहे हैं उन्होंने इस कार्य के लिए महापौर सुनीता दयाल नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का भी आभार प्रकट किया इस दौरान अशोक गुप्ता आटे वाले राजीव निझावन विनोद निझावन सुनिल गुप्ता अरविन्द कुमार विकास मित्तल एस एस अधिकारी राकेश शर्मा पी के बंसल अंकित मित्तल राजपाल कौशिक के डी शर्मा अमित भाटी रविन्द्र अग्रवाल विराट सिंह एस एस अधिकारी सी ब्लॉक के अनेकों सम्मानित निवासी मौजूद रहे।

# रविवार को न्यूजीलैंड से 24 साल पुराना बदला लेने उतरेगी टीम इंडिया

**मुंबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का 12वां मुकाबला 2 मार्च को भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनाम न्यूजीलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बीच खेला जाएगा। यह ग्रुप ए का आखिरी मुकाबला हैं। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला दुबई के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों का चैंपियंस ट्रॉफी में यह तीसरा मैच होगा। इस टूनामेंट में टीम इंडिया की अगुवाई रोहित शर्मा कर रहे हैं। जबकि, न्यूजीलैंड की कमान मिशेल सैंटनर के कंधों पर हैं। ये दोनों ही टीमें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। अब आखिरी ग्रुप मैच खेलेंगी। दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। टीम इंडिया ने पहले मैच में बांग्लादेश को हराया था। दूसरे मैच में टीम इंडिया को पाकिस्तान के खिलाफ जीत मिली थी। न्यूजीलैंड ने भी पाकिस्तान और बांग्लादेश को हराया है। चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच सिर्फ एक बार आमना-सामना हुआ है। टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे मुकाबला साल 1975 में खेला गया था। दोनों के बीच अब तक 118 वनडे मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान टीम इंडिया का पड़ला भारी रहा हैं। टीम इंडिया को 60 मुकाबलों में जीत मिली है। न्यूजीलैंड की टीम ने 50 मैच अपने नाम किए हैं। 1 मैच टाई रहा है और 7 मुकाबलों में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में पहली बार दुबई क्रिकेट स्टेडियम में दोनों टीमों का आमना सामना होगा। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का 12वां मैच न्यूजीलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनाम भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बीच रविवार यानी 2 मार्च को दुबई के दुबई इंटनेशनल स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 से खेला जाएगा।

# लोहा मंडी क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली वालों का आतंक, लोहा व्यापारी पर किया जानलेवा हमला

## लोहा व्यापारियों ने किया प्रदर्शन, कवि नगर थाने में हुई रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार लगभग 11:30 बजे दोपहर लोहा मंडी क्षेत्र में दुकान के सामने ट्रैक्टर खड़ा करने के लिए मना करने पर ट्रैक्टर ट्राली वाले ने ऐ.के. स्टील के मालिक अश्वनी कुमार मिश्रा और उसके उनके पुत्र राहुल कुमार मिश्रा के ऊपर जानलेवा हमला किया अपने साथियों के साथ इकट्ठे होकर व्यापारी की बुरी तरह से पिटाई करके लहू लुहान कर दिया ,राहुल कुमार के सिर में गहरी चोट लगी है।





लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन को जैसे ही सूचना प्राप्त हुई उन्होंने तुरंत चौकी इंचार्ज अमित कुमार को फोन किया जो चौकी पर उपलब्ध नहीं थे उन्होंने कहा कि मैं कचहरी में हूं अभी पहुंचता हूं फिर थाना प्रभारी कवि नगर योगेंद्र मलिक को भी फोन कर दिया गया ।इस बीच में व्यापारी ने 112 नंबर पर फोन कर दिया था तो वहां से सिहानी गेट थाने की जिप्सी में पुलिसकर्मी लगभग तीन या 3:30 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गये थे, उसके बाद चौकी इंचार्ज अमित मलिक भी पहुंच गए। व्यापारियों को जैसे-जैसे घटना का पता चला सभी व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया और गुस्सा भी बढ़ गया कि एक ट्रैक्टर ट्राली वाले ने किसी व्यापारी को उसके प्रतिष्ठान के सामने और अंदर जाकर के मार पिटाई की है और जान से मार देने के लिए हमला किया है। पूर्व में भी इस ट्रैक्टर ट्राली वाले की शिकायत प्राप्त होती रही हैं की अन्य व्यापारियों से भी समय-समय पर झगड़ा होता रहता है। आज जिस तरह से मारपीट व्यापारी के साथ की गई है कोई भी अनहोनी घटना हो सकती थी। काफी बड़ी संख्या में लोहा व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठान को बंद करके तारा स्टील चौक पर एकत्रित हुए और ट्रैक्टर ट्राली के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए थोड़ी देर में थाना कवि नगर के इंस्पेक्टर योगेंद्र मलिक ने मौके पर पहुंचकर कानूनी कार्यवाही का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया, एवं गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ अतुल कुमार जैन के कहने पर सभी ने अपने-अपने प्रतिष्ठान खोलकर कार्य प्रारंभ किया । लोहा मंडी क्षेत्र में ट्रैफिक की समस्या काफी समय से चली आ रही है भारी-भारी वाहन ट्रैक्टर ट्रॉलियों के चलने से सड़कों पर जाम लगता है, और वाहनों के ट्रैक्टर ट्रॉलियों के सड़क के ऊपर जहां-तहां खड़े कर लेने की वजह से भी जाम की भयंकर स्थिति बन जाती है और कानून व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ने की हमेशा संभावना बनी रहती है। जैसे ही घटना की सूचना मिली थी अतुल कुमार जैन स्वयं घटना स्थल पर पहुंच गए थे। महामंत्री अमरीश जैनवी पहुंच गए थे और धीरे-धीरे अन्य पदाधिकारी तथा व्यापारी काफी बड़ी संख्या में लोहा मंडी स्थित अश्वनी कुमार मिश्रा के प्रतिष्ठान पर एकत्रित हो गए और उनको लहू लुहान देखकर सभी व्यापारी गण ट्रैक्टर ट्राली वाले के प्रति काफी क्रोध में हो गए। आज चेयरमैन जय कुमार गुप्ता महामंत्री अमरीशजैन बंटू वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुबोध गुप्ता कोषाध्यक्ष सतीश बंसल सांस्कृतिक मंत्री राजीव गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष सुधीर जैन वाइस चेयरमैन महेश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष प्रदीप बंसल के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी और व्यापरीकरण उपस्थित थे। इंस्पेक्टर योगेंद्र मलिक ने व्यापारियों को ट्रैक्टर ट्राली वाले के विरुद्ध उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया और लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने सभी को समझा बुझकूर शांति बनाए रखने के लिए कहा सभी व्यापारियों ने एकजुट होकर थाना अध्यक्ष को निवेदन किया कि व्यापारी के प्रतिष्ठान पर हुई इस आपराधिक घटना के संबंधित के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए।

# रमते राम रोड से मालीवाड़ा चौक तक अवैध अतिक्रमण पर चला निगम का अभियान, व्यापारियों ने किया सहयोग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार सिटी जोन अंतर्गत रमते राम रोड से लेकर मालीवाडा चौक तक अवैध अतिक्रमण हटाने का बृहद अभियान गाजियाबाद नगर निगम द्वारा चलाया गया मौके पर जोनल प्रभारी महेंद्र तथा अन्य टीम रही पुलिस विभाग द्वारा सहयोग किया गया, व्यापारियों द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम के इतिहास में 35 साल बाद ऐसा बड़ा अभियान चला है जिसके क्रम में मालीवाडा जैसे अवरुद्ध एरिया में बुलडोजर के माध्यम से अवैध अतिक्रमण हटाया गया है।

सिटी जोन अंतर्गत अतिक्रमण हटाने के लिए चला निगम का बुलडोजर, 3 लाख की हुई वसूली



जोनल प्रभारी द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर सिटी जोन मालीवाडा क्षेत्र में अभियान चलाया गया काफी समय से नालों पर हुए अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हो रही थी जिसका संज्ञान लेते हुए अभियान चलाया गया मौके पर व्यापारियों द्वारा भी सहयोग किया गया आवागमन सरल बनाया गया अवैधतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई स्थाई अतिक्रमण को बुलडोजर के माध्यम से हटवाया गया, लगभग 3 लाख की वसूली भी की गई है निगम की टीम द्वारा खींची गई पीली पट्टी की सीमा में मोबाइल के रूप में रहरी पटरी ठेला लगाने के लिए अपील की गई है आवागमन बाधित न हो विशेष ध्यान रखने के लिए जन-जन को जागरूक किया जा रहा है। लगभग सवा मीटर तक मार्गो को खाली करते हुए मालीवाडा चौक पर अभियान चलाया गया समय-समय पर सभी जोन अंतर्गत इसी क्रम में अभियान चलाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा टीम को निर्देशित किया गया है, मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी उपस्थित रही जिनके द्वारा चालान की कार्यवाही की गई, वसुंधरा की टीम भी मौके पर रही।

# रजत अग्रवाल व रुचिता का शुभ विवाह धूमधाम से संपन्न



गाजियाबाद करंट क्राइम। अशोक कुमार अग्रवाल तथा अर्चना अग्रवाल के सुपुत्र रजत का शुभ विवाह रमेश सिंघल नीलम सिंघला की सुपुत्री रुचिता के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। वेदांता फार्म हाउस में आयोजित विवाह समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किया।




## किस सर्किल में नहीं बन रही है बात

पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में वैस तो हर जोन में कई कई सर्किल हैं पर कई सर्किल शांत और कई अशांत रहते हैं। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि बीते कुछ दिनों के दौरान ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के देहात वाले जोन में एक के बाद एक कई एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाए किए गए हैं। कई अधिकारी पहले बदले गए, तो एक साथ फिर चार लोग इधर से उधर किए गए थे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले देहात जोन को लेकर सूचना आ रही है कि इन दिनों कमिश्नरेट के एक जोन के एक सर्किल में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हालांकि पुलिसिंग और अन्य व्यवस्था तो सही है, पर बताया जा रहा है कि इलाके वाले नए एसीपी साहब की ट्यूनिंग और वर्किंग थाने से लेकर चौकी वाले समझ नहीं पा रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एसीपी हर मामले पर थाने से लेकर चौकी और चौकी से लेकर थाने तक आने वाले लोगों को क्रॉस चेक करने का काम कर रहे हैं। अब इसके पीछे की वजह क्या है, यह तो बेहतर अधिकारी ही पता कर सकते हैं लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक एसीपी साहब को लेकर चर्चा जोरों पर चल रही है। सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वैसे तो हर सर्किल के अपने किस्से और कहानी चलते रहते हैं लेकिन इन दिनों सिटी से ज्यादा चर्चा वाले सर्किल देहात के बताए जा रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि एक एसीपी ने शिवरात्रि पर जो पूजा अर्चना की थी, उसकी कृपा उनपर बरस गई है। तो वहीं लंबे समय से साइड लाइन एसीपी को भी बेस्ट वाला सर्किल मिला है। कुल मिलाकर जिनको होल्ड पर रखने की चर्चा होती थी, उनको बड़ी जिम्मेदारी मिली है और जिनका कुछ दिन पहले ही नाम आया था उनको भी कमान दे दी गई है। कुल मिलाकर देखना होगा कि यह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी स्तर के बदलाव की लिस्ट पर ब्रेक है या आने वाले दिनों में पाइपलाइन और साइड लाइन चल रहे किसी अन्य एसीपी को फिर मौका दिया जा सकता है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि वर्तमान में लगभग आधा दर्जन एसीपी ऐसे हैं, जो अभी किसी महत्वपूर्ण वाली जिम्मेदारी पर नहीं हैं। वहीं देखना होगा आने वाले दिनों में उनके लिए पोस्टिंग का कोई नया द्वार खुलता है या वह अभी इंतजार वाली बेला में ही समय गुजारेंगे।



## फ्लावर शो के दूसरे दिन नगर आयुक्त ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ, शहर को प्लांटेशन की महत्वता का दिया संदेश

### प्रकृति तथा पर्यावरण के प्रति शहर वासियों को जागरूक कर रहा है फ्लावर शो का आयोजन -नगर आयुक्त





**गाजियबाद करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लैंड क्राफ्ट गोल्फलिंक टाउनशिप में आयोजित फ्लावर शो के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। फ्लावर शो का आयोजन जिसमें फूलों पौधों की अनेकों प्रजातियों की प्रदर्शनी लगाई गई है, पौधों से संबंधित अनेक कंपटीशन भी रखे गए। सीनियर सिटीजन युवाओं तथा बच्चों को भी फ्लावर शो में विशेष अनुभव मिल रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत फ्लावर शो का भव्य आयोजन किया गया है। इसके साथ ही हर नागरिक को स्वच्छता तथा सुंदरता के प्रति जागरूक भी कर रहा है। कई प्रजातियों के फूल तथा पौधे गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा लगाए गए हैं। नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी व ललित जायसवाल, फ्लावर शो की आयोजन राकेश गोयल, दिवाकर हॉर्टिकल्चर सोसाइटी से राम त्यागी, गौरव गर्ग राघव गर्ग निरमेश व अन्य उपस्थित रहे।

## पार्षद हिमांशु चौधरी ने नेत्र जांच शिविर किया आयोजित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 40 के साहिबाबाद गांव में नेत्र कैंप का आयोजन किया गया। पार्षद हिमांशु चौधरी ने बताया कि नेत्र कैंप में, 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया और निशुल्क आंखों की जांच का लाभ उठाया। वार्ड 40 के लोगों ने पार्षद का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम आयोजन की प्रशंसा की। इस अवसर पर पार्षद हिमांशु चौधरी, गौरव सिरोही, विकास तेवतिया, लोकेंद्र चौधरी, अक्षय कौशिक, नीतीश राय, देवेंद्र सिंह त्यागी, बहादुर सिंह जाटव और मुख्य अतिथि वीरवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## वार्ड 40 साईट 4 औद्योगिक क्षेत्र में नाला ओवरफ़्लो लोग परेशान





### पार्षद बोले - नहीं हुआ समाधान तो देगे धरना





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को वार्ड 40 के पार्षद हिमांशु चौधरी में स्वास्थ अधिकारी को पत्र लिखकर नाला ओवरफ्लो की समस्या को लेकर पत्र लिखा। उन्होंने का कि वार्ड 40 साहिबाबाद गांव झण्डापुर साईट 4 औद्योगिक क्षेत्र में विगत 15 दिनों से सौर ऊर्जा मार्ग व गांव साहिबाबाद में नाला ओवरफ़्लो से सड़क पर जल भराव की समस्या बनी हुई है। मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन 10000 हजार से ज्यादा उद्यमियां व कर्मचारियों का अवागमन होता है। पार्षद हिमांशु चौधरी ने कहा कि अगर जल्द ही नाला ओवरफ्लो की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो गांव के 20000 लोग व उद्यमी निगम के विरूद्ध धरने पर बैठने पर मजबूर हो जायेगें। शनिवार को साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के कार्यालय सचिव चरणजीत सिंह ने क्षेत्रीय पार्षद को इस समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा कई फैक्ट्रियों में जल भराव की समस्या भी उत्पन्न हो रही है। अगर जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो नहीं हुआ तो कर्मचारी नगर निगम पर धरने पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे। इस मामले को लेकर पार्षद हिमांशु चौधरी ने तुरंत फोन पर संबंधित अधिकारी से बात की और समस्या का समाधान के लिए अधिकारियों को अवगत कराया। शनिवार को कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जल भराव की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अगर वर्षा हुई तो स्थिती और गम्भीर हो जायेगी।

## जीडीए के सभागार में हुई आरटीआई कार्यशाला आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निदेशों के क्रम में शनिवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 में नियमावली 2015 के तहत प्राप्त होने वाली आरटीआई के प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किये जाने हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किए जाने के उद्देश्य से एक दिन का कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राजेश मेहतानी (रिटायर्ड डायरेक्टर) सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड ट्रेनिंग यू0पी0 हाउसिंग एण्ड डेवलपमेंट बोर्ड, लखनऊ ने कार्यशाला में प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में अधिकारियों/कर्मचारियों को आर0टी0आई0 के अंतर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समय अंतर्गत निस्तारण कर आवेदक को सूचना उपलब्ध कराए जाने के बारे में बताया गया। कार्यशाला में राजेश मेहतानी ने बताया कि आज के समय मे अधिकांश लोगों द्वारा आर0टी0आई0 को हथियार के रूप मे इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे मे आपको अधिनियम एवं नियमावली के अन्तर्गत विहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने की आवश्यकता हैं। अधिनियम एवं नियमावली में स्पष्ट प्रावधान हैं कि किन सूचनाओं को दिया जा सकता हैं, कौन सी सूचनाएं प्रकरण में आच्छादित नहीं हैं। राजेश मेहतानी ने कार्यशाला में उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय के पारित आदेशों का उल्लेख करते हुए अत्यन्त सरल भाषा में लोगो को आर0टी0आई0 की आवश्यकता एवं उसके निस्तारण की पद्धति से अवगत कराया गया। उक्त कार्यशाला मे गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव, अपर सचिव, वित्त नियंत्रक, मुख्य अभियंता, विशेष कार्याधिकारी, संयुक्त सचिव ,अधिशासी अभियन्तागण, सहायक अभियन्तागण, विधि अधिकारी के साथ प्राधिकरण के समस्त अनुभागों के लिपिक गण उपस्थित रहे।

# इस्राइल-हमास युद्धविराम वार्ता के दूसरे चरण की राह में रोड़े, मिस्र से लौटे इस्राइली प्रतिनिधि



**काहिरा ।** गाजा पट्टी में संघर्ष विराम के अगले चरण को लेकर इस्राइल और हमास के बीच शुरू हुई दूसरे चरण की वार्ता आगे नहीं बढ़ पा रही है। हमास के एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार को भी वार्ता को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की गई। इस्राइली प्रतिनिधि मिस्र से वापस लौट गए हैं।

इस्राइल-हमास युद्ध विराम समझौते का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया है। अब समझौते का दूसरा चरण लागू किया जाना है। इसमें गाजा में बचे हुए सभी जीवित बंधकों की वापसी और क्षेत्र से सभी इजराइली सैनिकों को वापस बुलाया जाना शामिल है। इसे लेकर इस्राइल, कतर और अमेरिका के अधिकारियों ने मिस्र के काहिरा में गुरुवार को चर्चा शुरू की। बताया जा रहा है कि हमास ने वार्ता में भाग नहीं लिया है। मिस्र और कतर के अधिकारी हमास का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य बासम नैम ने एपी को बताया कि शुक्रवार को इस्राइली प्रतिनिधि के स्वदेश लौटने से पहले समाधान खोजने में कोई प्रगति नहीं हुई। नैम ने कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है कि बातचीत दोबारा कब शुरू होगी?

### समझौते की शर्तें मानने के लिए तैयार है हमास

संघर्ष विराम समझौते के लेकर हमास ने शुक्रवार को कहा था कि वह समझौते की सभी शर्तों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमास ने अंतरष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह इस्राइल पर बिना किसी देरी या टालमटोल के तुरंत दूसरे चरण में आगे बढ़ने के लिए दबाव डाले। इस्राइल का प्रस्ताव खारिज हमास एक सदस्य ने बताया कि हमने युद्ध विराम के प्रथम चरण को आगे बढ़ाने के इस्राइल के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। हमास ने कहा कि यह युद्ध विराम समझौते के विरुद्ध है। इस्राइल ने अपने प्रस्ताव में अतिरिक्त बंधकों की अदला-बदली के बदले में संघर्ष विराम को शनिवार से शुरू हुए पाक माह रमजान तक बढ़ाने की बात कही है।

### गाजा में बढ़ रही मानवीय सहायता

संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी और विश्व खाद्य कार्यक्रम ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा ।

# तुर्किये में 40 साल से चल रही लड़ाई थमी, उग्रवादी कुर्दिश संगठन ने किया युद्धविराम का एलान

**अंकारा ।** तुर्किये में बीते 40 वर्षों से जारी लड़ाई अब थम गई है। तुर्किए के सबसे बड़े उग्रवादी संगठन कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके ने शनिवार को युद्धविराम का एलान कर दिया। पीकेके का यह एलान इसके नेता अब्दुल्ला ओकलान के उस बयान के दो दिन बाद सामने आया है, जिसमें ओकलान ने समूह के लड़ाकों से हथियार डालने और समूह को खत्म करने की अपील की थी। अब्दुल्ला ओकलान साल 1999 से जेल में बंद हैं।



### शनिवार को पीकेके ने किया युद्धविराम का एलान

शनिवार को पीकेके ने एक बयान जारी कर कहा कि 'हम आज से युद्धविराम का एलान करते हैं ताकि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक समाज के लिए रास्ता साफ हो सके। जब तक हमला नहीं होगा, तब तक हमारे बल हथियार नहीं उठाएंगे।' तुर्किये और पीकेके के बीच साल 1984 में संघर्ष शुरू हुआ था, जिसमें अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है। इससे पहले साल 2015 में तुर्किये की सरकार और कुर्दिश संगठन के बीच बातचीत की कोशिश हुई थी, लेकिन उस वक्त सहमति नहीं बन पाई थी। अब समूह के नेता अब्दुल्ला ओकलान की अपील के बाद युद्धविराम पर सहमति बन गई है।

**अलग देश की मांग को लेकर हुई थी पीकेके की शुरूआत** :पीकेके ने युद्धविराम का एलान करते हुए कहा कि 'ओकलान का बयान बताता है कि कुर्दिस्तान और मध्य पूर्व में नई एतिहासिक प्रक्रिया शुरू हो गई है।' बता दें कि कुर्दिश लोग तुर्किये, इराक, सीरिया और ईरान में रहते हैं। तुर्किये में कुर्दों की आबादी एक करोड़ से ज्यादा है और कुर्द लोगों ने तुर्किये में कुर्दों के लिए अलग देश की मांग को लेकर पीकेके की शुरूआत की थी। पीकेके ने ओकलान को जेल से रिहा करने की भी अपील की है ताकि जब पीकेके के लड़ाके हथियार डालें तो उस कार्यक्रम में ओकलान भी मौजूद रहें।

गुरुवार को जेल से जारी अपनी अपील में ओकलान ने कहा था कि 'तुर्किये सरकार की तरफ से कुर्दों के अधिकारों पर रोक लगाई जा रही थी, इसके जवाब में पीकेके का गठन किया गया था, लेकिन तब से अब तक कुर्दों के अधिकारों में इजाफा हुआ है। अब संगठन ने अपनी उम्र पूरी कर ली है ।

# पोप फ्रांसिस को हुआ ब्रोन्कियल स्पाज्म, वेटिकन ने कहा- उल्टी के बाद आई सांस, इलाज जारी

**रोम ।** पोप फ्रांसिस को शुक्रवार को ब्रोन्कियल स्पाज्म हुआ, जिससे उन्हें उल्टी हुई। तब जाकर उन्हें सांस आई। इसके अलावा उन्हें गैर-आक्रामक वेटिंलेशन की आवश्यकता पड़ी। वेटिकन ने बताया कि 88 वर्षीय पोप ने डबल निमोनिया के खिलाफ लड़ाई में अच्छी प्रतिक्रिया दी। वे पूरी तरह सचेत और सतर्क रहे।



पोप का 14 फरवरी से रोम के जेमेली अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह घटना तब हुई, जब डॉक्टरों ने उनकी स्थिति में सुधार की रिपोर्ट दी थी, लेकिन अचानक उनकी श्वसन संबंधी स्थिति बिगड़ गई। हालांकि, डॉक्टरों ने उनकी श्वसन स्थिति को सुरक्षित माना और इलाज जारी रखा। वेटिकन ने ऐश बुधवार से पहले बनाईं वैक्लिपक योजनाएं वेटिकन ने ऐश बुधवार (5 मार्च) के लिए पहले से वैकल्पिक योजनाएं बना ली हैं, जिससे यह साफ है कि पोप फ्रांसिस के सामने अभी भी एक लंबा रास्ता है। इस दिन के धार्मिक समारोह और जुलूस की अध्यक्षता वेटिकन के अधिकारी और रोम के पूर्व पादरी कार्डिनल एंजेलो डी डोनाटिस करेंगे। वह अप्रैल में ईस्टर तक चलने वाले चर्च के पवित्र लेंटेन सीजन का उद्घाटन करेंगे।

### पोप ने नाश्ता किया और समाचार पत्र पढ़े: वेटिकन

वेटिकन ने बताया कि शुक्रवार को पोप ने पूरक ऑक्सीजन लिया और प्रार्थना की। वेटिकन ने बताया कि उन्होंने नाश्ता किया, समाचार पत्र पढ़े और श्वसन फिजियोथेरेपी प्राप्त की। डॉक्टरों ने फ्रांसिस की स्थिति को गंभीर नहीं बताया है। पोप के जल्दी ठीक होने की प्रार्थना कर रहे लोग वहीं, दूसरी ओर मैक्सिको सिटी में लोग पोप के जल्दी ठीक होने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। फ्रांसिस से मिलने वाले कुछ लोगों के लिए यह चिंता का कारण है, क्योंकि वे उन्हें परिवार के सदस्य की तरह मानते हैं।

## कुर्दों आतंकी संगठन ने हथियार डाले

**नई दिल्ली ।** 1978 में बने इस संगठन की मांग थी कि उन्हें तुर्किये से अलग करके कुर्दिस्तान बनाया जाए, या फिर तुर्किये के अंदर कुर्दों को पहले से ज्यादा अधिकार दिए जाएं। इस मांग के साथ संगठन ने 1984 में तुर्किये



सरकार के खिलाफ जंग छेड़ी थी। इस जंग में अब तक 40 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इसके चलते तुर्किये, अमेरिका और यूरोपीय संघ इस संगठन को आतंकी घोषित कर चुके हैं। संगठन के नेता अब्दुल्लाह ओकलान को 1999 में तुर्की की स्पेशल फोर्स ने केन्या में पकड़ा था। तब से उसे इस्तांबुल की एक जेल में कैद रखा गया है।

# ट्रंप-जेलेंस्की की तीखी बहस देख यूक्रेनी राजदूत ने सिर पीट लिया

**वॉशिंगटन ।** व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई तीखी बहस की खबरें दुनियाभर में छाई हुई हैं। इस बीच एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि जब ओवल ऑफिस में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस हो रही थी तो उस वक्त ओवल ऑफिस में मौजूद अमेरिका में यूक्रेन की राजदूत अपने सिर पर हाथ रखें निराशा में डूबी नजर आ रही हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखी जा रही है।



**ट्रंप ने जेलेंस्की से कहा- वे तीसरे विश्व युद्ध का जुआ खेल रहे** :ट्रंप और जेलेंस्की की ओवल ऑफिस में हुई मुलाकात किसी भी मायने में यूक्रेन के लिए अच्छी नहीं रही और यूक्रेन राजदूत के हावभाव से ये साफ तौर पर समझा जा सकता है। ट्रंप और जेडी वेंस ने यूक्रेनी राष्ट्रपति को लताड़ लगाते हुए कहा कि वे अमेरिका के प्रति खासे अपमानजनक हैं, साथ ही ट्रंप ने जेलेंस्की से ये भी कहा कि वे तीसरे विश्व युद्ध का जुआ खेल रहे हैं। काफी बहस के बाद ट्रंप ने बैठक खत्म कर दी और जिन खनिजों के सौदे पर बातचीत के लिए जेलेंस्की अमेरिका आए थे, उस पर भी बात नहीं हो सकी।

# दक्षिणी चीन में नदी में बड़ा हादसा, पोत और नौका की टक्कर होने से कम से कम 11 की मौत

**बीजिंग ।** चीन के दक्षिणी हिस्से में एक नदी में तेल रिसाव को साफ करने वाले एक पोत ने एक छोटी नौका को टक्कर मार दी। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग लापता हो गए। गनीमत रही कि तीन को तत्काल ही बचा लिया गया।




**सरकारी मीडिया ने शुक्रवार रात इस हादसे के बारे में जानकारी साझा की। देश की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि मंगलवार की सुबह हुनान प्रांत में युआनशुई नदी में हुई दुर्घटना के दौरान 19 लोग पानी में गिर गए**

दुर्घटना उस स्थान पर हुई, जहां नदी औसतन 60 मीटर (200 फुट) से अधिक गहरी और 500 मीटर (1,600 फुट) चौड़ी है। तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। दुर्घटना में बचे एक व्यक्ति के रिश्तेदार ने शंघाई के समाचार पत्र को बताया कि नौका ही उनके गांव में आने-जाने का मुख्य साधन है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में तेल रिसाव को साफ करने वाला एक बड़ा पोत शांत पानी में नौका को पीछे से टक्कर मारता दिखाई दे रहा है। चीन की समाचार एजेंसी ने बताया कि पोत पर सवार तीन लोग पुलिस की जांच के दायरे में हैं और उनमें से कोई भी घायल नहीं हुआ है।

# 14वें बच्चे के पिता बने एलन मस्क, पार्टनर शिवोन जिलिस ने चौथी संतान के जन्म का किया एलान

**वॉशिंगटन ।** मशहूर अरबपति कारोबारी एलन मस्क 14वीं बार पिता बने हैं। मस्क की कंपनी न्यूरालिंक से जुड़ीं शिवोन जिलिस ने मस्क के साथ अपने चौथे बच्चे की जानकारी दी है। शिवोन जिलिस ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'एलन से बात करने के बाद और अपनी बेटी आर्केडिया के जन्मदिन के मौके पर, मुझे लगता है कि आपको अपने बेटे शेल्डन लिकरगस के बारे में बताना सही होगा।' जिलिस ने लिखा कि 'शेल्डन एक जगरनॉट की तरह है और उसका दिल सोने का है। मैं उसे बेहद प्यार करती हूं।' मस्क ने भी इस पोस्ट पर दिल का इमोजी बनाकर प्रतिक्रिया दी है।



शिवोन जिलिस ने मस्क के साथ आईवीएफ तकनीक के जरिए साल 2021 में स्ट्राइडर और एजुर को जन्म दिया था। साल 2024 में दोनों के तीसरे बच्चे आर्केडिया का जन्म हुआ। मस्क ने आर्केडिया के जन्म के कई महीने बाद उसके बारे में बताया था। शिवोन जिलिस, मस्क की कंपनी न्यूरालिंग में एआई एक्सपर्ट हैं और प्रमुख पद पर तैनात हैं। पहली पत्नी से पांच बच्चे मस्क के अपनी पहली पत्नी और कनाडा मूल की लेखिका जस्टिन विल्सन से पांच बच्चे हैं, जिनमें जुड़वा बच्चे ग्रिफिन और विवियन और काइ, सैक्सन और डेमियन शामिल हैं। मस्क और विल्सन के पहले बच्चे नेवादा की जन्म के 10 हफ्ते बाद ही बीमारी से मौत हो गई थी। साल 2020 में गायिका ग्रिम्स ने मस्क के तीन और बच्चों को जन्म दिया। ये बच्चे सरोगेसी से हुए। गौरतलब है कि एलन मस्क ने बीते दिनों दुनिया में गिरती जन्मदर पर चिंता जाहिर की थी ।

# ब्रिटेन पहुंचे यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बदले सुर बोले- हमारे लिए ट्रंप का समर्थन पाना जरूरी

**कीव ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिकी यात्रा के बाद शनिवार को ब्रिटेन पहुंचे। यहां वह यूरोपीय देशों के प्रमुखों से मुलाकात करने वाले हैं। राष्ट्रपति ट्रंप से हुई तीखी बहस के बाद अब जेलेंस्की ने एक नया ट्वीट किया है। जिसमें उनके सुर बदले नजर आ रहे हैं।



यूक्रेन के लोगों ने हमेशा इस समर्थन की सराहना की है, खासकर इन तीन वर्षों के आक्रमण के दौरान।

जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका की मदद हमारे अस्तित्व को बचाने में महत्वपूर्ण रही है और मैं इसे स्वीकार करना चाहता हूं। कठिन वार्ता के बावजूद, हम रणनीतिक साझेदार बने हुए हैं। लेकिन हमें अपने साझा लक्ष्यों को सही मायने में समझने के लिए एक-दूसरे के साथ ईमानदार और सीधे रहने की जरूरत है। ट्रंप का समर्थन बेहद जरूरी यूक्रेन के राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हमारे लिए राष्ट्रपति ट्रंप का समर्थन पाना बहुत जरूरी है। वह युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। हमसे अधिक कोई शांति नहीं चाहता। यह हमारी आजादी और हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। जैसा कि राष्ट्रपति रीगन ने एक बार कहा था, शांति का मतलब सिर्फ युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है। हम न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की बात कर रहे हैं। सभी के लिए स्वतंत्रता, न्याय और मानवाधिकार। पुतिन के साथ युद्धविराम काम नहीं करेगा। उन्होंने पिछले दस सालों में 25 बार युद्धविराम तोड़ा है। वास्तविक शांति ही एकमात्र समाधान है।

**राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा कि हम सभी तरह के समर्थन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के बहुत आभारी हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों के द्विदलीय समर्थन के लिए भी उनका आभारी हूं**

**खनिज समझौते के लिए हम तैयार, लेकिन सुरक्षा की गारंटी भी जरूरी** : जेलेंस्की ने कहा कि हम खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं और यह सुरक्षा गारंटी की दिशा में पहला कदम होगा। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। हमें इससे भी ज्यादा की जरूरत है। सुरक्षा गारंटी के बिना युद्ध विराम यूक्रेन के लिए खतरनाक है। हम तीन साल से लड़ रहे हैं और यूक्रेनी लोगों को यह जानने की जरूरत है कि अमेरिका हमारे पक्ष में है। मैं रूस पर यूक्रेन की स्थिति नहीं बदल सकता। रूसी हमें मार रहे हैं। रूस दुश्मन है और यही सच्चाई है जिसका हम सामना कर रहे हैं। यूक्रेन शांति चाहता है, लेकिन यह एक न्यायपूर्ण और स्थायी शांति होनी चाहिए। इसके लिए हमें बातचीत की मेज पर मजबूत होना चाहिए। शांति तभी आ सकती है जब हमें पता हो कि हमारे पास सुरक्षा की गारंटी है। जब हमारी सेना मजबूत है और हमारे साथी हमारे साथ हैं।

# तीर्थयात्रा पर भारत आ रहा हिंदू युवक वाघा सीमा से अगवा, बहन का दावा- अज्ञात लोगों ने उठाया

**कराची ।** पाकिस्तान में हिंदू युवक ओम प्रकाश कुमार को अज्ञात लोगों ने वाघा सीमा पार कर भारत में तीर्थ यात्रा पर जाने से कुछ मिनट पहले उठा लिया। प्रकाश की बहन निर्मला ने यह दावा करते हुए कहा कि उनका परिवार कराची से 230 किमी दूर मीरपुरखास में रहता है। उन्होंने पाकिस्तानी सेना प्रमुख व सरकार से उसकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपील की है।



निर्मला ने कहा, उनके भाई ओम प्रकाश कुमार को 21 फरवरी को लाहौर की ओर वाघा सीमा आव्रजन कार्यालय से अगवा किया गया था। वह अब भी लापता है। हिंदू अधिकार संगठन पाकिस्तान दरावर इत्तेहाद चलाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता शिवा काची द्वारा सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में निर्मला ने कहा, वह और उनका परिवार गंगा की तीर्थ यात्रा के लिए भारत जा रहे थे। पेशे से डॉक्टर निर्मला ने कहा, जब वे सभी आव्रजन काउंटर पर थे, तब सादे कपड़ों में कुछ लोग प्रकाश के पास आए और उससे पूछताछ करने लगे। बाद में उन्होंने उसका पासपोर्ट, वीजा फॉर्म और मोबाइल फोन ले लिया और उसे दूसरे कमरे में ले गए।

### पाकिस्तान ने बरती है खामोशी

ओम प्रकाश की बहन निर्मला ने बताया कि सादा कपड़ों में कुछ लोग जब प्रकाश के पास आए तब मैंने पूछताछ की और रोना शुरू किया। इस पर उनमें से एक व्यक्ति ने मुझे अपने परिवार को वापस घर ले जाने के लिए कहा। हम केवल इतना जानते हैं कि उसके बाद वे लोग मेरे भाई को किसी अज्ञात स्थान पर ले गए और वह अभी तक वापस नहीं आया है। पाकिस्तान ने इस पर खामोशी बरती है।

# पत्रकार एसोसिएशन के होली महोत्सव में बरसा सौहार्द प्रेम का रंग

























गाजियाबाद करंट क्राइम। पत्रकार एसोसिएशन द्वारा होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस होली महोत्सव में पुलिस आयुक्त अजय मिश्र पहुंचे। होली महोत्सव में पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय जैन ने सभी का स्वागत किया। होली महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पुलिस आयुक्त अजय मिश्र ने सभी को होली महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार रखे। इस अवसर पर दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी,वरिष्ठ पत्रकार पिंटू तोमर,इमरान खान,सोबरन सिंह,अमित राणा,हिमांशु शर्मा,निरंजन सिंघल,सुदामा पाल, रेखा अग्रवाल, सत्यम पंचोली,सुभाष चन्द,मुकेश कर्दम,शिवम गिरी,विशाल रावत, सीपी सिंह आदि मौजूद थे। पत्रकार एसोसिएशन के महासचिव योगेश कौशिक ने होली मिलन समारोह में आए सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया।

## जनरल वी के सिंह की मेहनत फिर लाई रंग, गाजियाबाद को लगे विकास के पंख




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी के सिंह गाजियाबाद के पूर्व सांसद रहे हैं जिन्होंने विकास के मामले में गाजियाबाद की कायापलट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और आज भी वे गाजियाबाद की जनता के लिए दृढ़ता के साथ खड़े हैं। गाजियाबाद के विकास की डोर में एक और पंख लगाते हुए उन्होंने गाजियाबाद को एक और तोहफा दे दिया है। अपने सांसद कार्यकाल में उन्होंने हिंडन हवाई अड्डे पर सिविल एन्क्लेव बनवा कर यहाँ से सिविल उडान चलवाने का वायदा जनता से किया था। लेकिन जीएमआर और एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के मध्य चल रहे मतभेदों और कोर्ट मामले के चलते गाजियाबाद के विकास में बाधाएं उत्पन्न हो रही थी।

जनरल वी के सिंह ने कोर्ट के इस मामले को समाप्त करवाने में अहम भूमिका निभाई जिसमें उन्होंने जीएमआर से कोर्ट केस वापस लेने के लिए आग्रह किया था और अब जीएमआर ने केस वापस ले लिया है। परिणाम स्वरूप हिंडन एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी का विस्तार करते हुए नए हवाई रूट चालू करवाए गए हैं। उन्होंने लखनऊ, बनारस और प्रयागराज की फ्लाइट भी शामिल करने का आग्रह किया है जिसके स्वीकृत होने के पश्चात जनता उसका भी लाभ ले सकेगी। इसके पहले जनरल वी के सिंह ने फ्लाईबिग की फ्लाइट हिंडन एयरपोर्ट से कनेक्ट करवाई गई थी।

## जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील दिवस सम्पन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासनादेश के क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों मे सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

**लोनी तहसील:** अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह की अध्यक्षता में लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम लोनी राजेन्द्र, जीडीए सचिव राजेश सिंह, पुलिस अधिकारी, ईओ लोनी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मोदीनगर तहसील:** एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। इस दौरान एसीपी मोदीनगर, तहसीलदार रजत सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**सदर तहसील:** एडीएम सिटी गम्भीर सिंह अध्यक्षता में जनपद की सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 38 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। एसडीएम अरूण दीक्षित, पुलिस विभाग से एसीपी, तहसीलदार श्री रवि सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पार्षद मदन राय ने किया ओपन जिम का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निगम की ओर से पार्कों में ओपन जिम लगाने का सिलसिला जारी है। वार्ड 86 राजेंद्र नगर 2 ब्लॉक सेक्टर पांच के पार्क में जिम का उद्घाटन मदन राय द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर निगम पार्षद मदन राय ने कहा कि उनकी यह कोशिश है कि लोगों को पार्क में सैर के साथ-साथ व्यायाम का भी लाभ मिले। इस बात को ध्यान में रखते हुए इसके पूर्व भी वार्ड के कई पार्कों में ओपन जिम की सुविधा निगम की ओर से मुहैया कराई गई है। राजेंद्र नगर बी-ब्लॉक में इस ओपन जिम के शुरू होने से अब इस ब्लॉक के लोग भी व्यायाम का लाभ उठा सकेंगे, जिससे स्वस्थ समाज की हमारी सोच साकार होगी। इस अवसर पर सुरेश चौहान, कमल, मोहित बालियान, संजीव, राकेश, राकेश अग्रवाल, अमन जैन, अशोक आदि लोग मौजूद रहे।

## 10,000 रुपये बोनस से रोडवेज कर्मचारी खुश मुख्यमंत्री का क्या धन्यवाद



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के चालकों व परिचालकों ने 10,000 रुपये बोनस मिलने पर खुशी जताई है। शनिवार को उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी आभार दिया गया। महाकुंभ में उत्कृष्ट योगदान के लिए अफसरों व कर्मियों को भी सम्मानित किया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार तितोरिया, क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र कुमार, शाखा मंत्री प्रशासनिक अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने महाकुंभ पर बोनस की मांग की थी। निगम प्रबंधन से बात कर बोनस के मुद्दे को उठाया था, जिस पर कार्रवाई की गई है।

## पादरी गैंग का 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने पादरी गैंग के 50 हजार के इनामी बदमाश दीपक पादरी उर्फ दीपड़ी को गिरफ्तार किया है। दीपक ने अपने गैंग के साथ 10 जनवरी 2024 को सुनार सोनू वर्मा की दुकान का शटर तोड़कर चोरी की थी। एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदानंद राय के अनुसार, मध्य प्रदेश के पारदी गैंग के 18 सदस्यों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अब तक गैंग के 17 सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी है। एक सदस्य अभी भी फरार है, जिसे जल्द ही पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह गैंग वारदात से पहले रैकी करता था। फिर मौका मिलते ही चोरी को अंजाम देता था। वारदात के बाद गैंग दूसरे जिले में जाकर नई वारदात की योजना बनाता था।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज का ये अंदाज है कि वो अपनो को कभी नजर अंदाज नहीं करते। अपनो की हर खुशी में शामिल होते हैं। ये अहसास कराते हैं कि आप मेरे लिए खास हो। अनिल कुमार की सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा की 25वी मैरिज एनिवर्सरी सिल्वर जुबली की बधाई शुभकामनाएं दी। इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।